
दैनिक
लखनऊ से प्रकाशित एवं उ.प्र., बिहार, झारखण्ड, मध्यप्रदेश, राजस्थान, दिल्ली में प्रसारित
RNI-UPHIN/2014/58471



# अमन लेखनी



संभव है कैंसर से बचाव........ | जब सुबाह के समय हो .....

वर्ष : 12 | अंक : 38 | लखनऊ, 30 जनवरी, शुक्रवार 2026 | पृष्ठ : 08 | मूल्य : 2.00 रुपए



‘अजित दादा’ पंचतत्व में विलीन

# परिवार समेत समर्थकों ने नम आंखों से दी विदाई, उमड़ा जनसैलाब

## बेटे पार्थ और जय पवार ने अपने पिता को मुखाग्नि दी, शाह समेत कई केंद्रीय और राज्य के मंत्री भी रहे शामिल

अमन लेखनी समाचार/ नई दिल्ली,

महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री अजित पवार को गुरुवार को उनके गृहनगर बारामती में अंतिम विदाई दी गई। पवार का अंतिम संस्कार पूरे राजकीय सम्मान के साथ किया गया। इस दौरान विद्या प्रतिष्ठान मैदान में भारी संख्या में समर्थक अपने प्रिय नेता को अंतिम विदाई देने पहुंचे। बेटे पार्थ और जय पवार ने अपने पिता को मुखाग्नि दी। अपने नेता के आखिरी दर्शन करने के लिए समर्थकों की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। लोग नम आंखों से अजित पवार को अंतिम विदाई दी।


### ‘अजित दादा अमर रहें’ के नारे से गूंजा बारामती



पिता अजित पवार को मुखाग्नि देते उनके पुत्र

अंतिम संस्कार की रस्में दोपहर में शुरू हुईं। अजित के बेटों, पार्थ और जय ने अपने पिता की चिता को मुखाग्नि दी। इस दौरान उनकी पत्नी और राज्यसभा सदस्य सुनेत्रा पवार अपने आंसू नहीं रोक पा रही थीं। जब उनके पार्थिव शरीर को राष्ट्रीय ध्वज में लिपटा हुआ उनके गांव काटेवाड़ी से विद्या प्रतिष्ठान मैदान लाया गया। मैदान में मौजूद हजारों लोगों ने अजित दादा अमर रहें के नारे लगाए।

### अंतिम संस्कार में शामिल हुए कई केंद्रीय मंत्री



इस दुखद घड़ी में देश और राज्य के कई बड़े नेता बारामती पहुंचे। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह, नितिन गडकरी, मुरलीधर मोहोल और भाजपा अध्यक्ष नितिन नबीन ने दिवंगत नेता को श्रद्धांजलि दी। एनसीपी प्रमुख शरद पवार, सीएम देवेंद्र फडणवीस, डिप्टी सीएम एकनाथ शिंदे भी थे।

### पूरा परिवार रहा मौजूद कई मुख्यमंत्री भी पहुंचे

अजित पवार की चचेरी बहन और सांसद सुप्रिया सुले सुनेत्रा पवार को सांत्वना देती रहीं। अंतिम संस्कार में प्रफुल्ल पटेल, रामदास अठावले, गोवा के मुख्यमंत्री प्रमोद सावंत, पूर्व मुख्यमंत्री सुशीलकुमार शिंदे और अशोक चव्हाण जैसे दिग्गज नेता भी शामिल हुए।

### ब्लैक बॉक्स बरामद

हादसे की जांच के लिए पुलिस ने आकस्मिक मौत (एडीआर) का मामला दर्ज किया है। नागरिक उड्डयन मंत्रालय ने बताया कि विमान का ब्लैक बॉक्स बरामद कर लिया गया है। इसमें फ्लाइट डेटा रिकॉर्डर और कॉकपिट वॉयस रिकॉर्डर शामिल हैं, जिससे हादसे की असली वजह पता चल सकेगी।


### विमानन मंत्री ने महाराष्ट्र सीएम फडणवीस को लिखा पत्र और जांच में सहयोग मांगा



विमानन मंत्री के. राममोहन नायडू ने गुरुवार को महाराष्ट्र सरकार से सहयोग मांगा, ताकि पुणे जिले के बारामती हवाई अड्डे पर हुए विमान हादसे की तेजी से जांच की जा सके। इस विमान हादसे में उपमुख्यमंत्री अजित पवार और चार अन्य लोग मारे गए थे।

## खबर संक्षेप

### भाजपा के जोशी बने चंडीगढ़ के नए मेयर



चंडीगढ़। भाजपा ने एक बार फिर चंडीगढ़ के मेयर पद पर कब्जा कर लिया है। सौरभ जोशी चंडीगढ़ के नए मेयर बन गए हैं। गुरुवार को निगम सदन में मेयर चुनाव हुआ। इस बार चुनाव हाथ उठाकर करवाया गया। चुनाव प्रिसाइडिंग अफसर रमणीक बेदी ने शुरू करवाई। जोशी को 18 वोट मिले। कांग्रेस ने वोटिंग के बाद वॉकआउट किया।

### साध्वी प्रेम की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत



जोधपुर। राजस्थान के जोधपुर से एक सनसनीखेज और भावनात्मक मामला सामने आया है। सनातन धर्म के प्रचार से जुड़ी साध्वी प्रेम बाईसा की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। मौत के करीब 4 घंटे बाद सोशल मीडिया पर उनके इंस्टाग्राम अकाउंट से एक कथित सुसाइड नोट पोस्ट होने से पूरे मामले ने नया मोड़ ले लिया है।

### मेधा मानहानि केस में एलजी सक्सेना बरी



नई दिल्ली। दिल्ली के उपराज्यपाल विनय कुमार सक्सेना को सामाजिक कार्यकर्ता मेधा पाटकर द्वारा दायर मानहानि मामले में बड़ी राहत मिली है। दिल्ली की मेट्रोपॉलिटन मजिस्ट्रेट कोर्ट ने सक्सेना को आरोपों से बरी कर दिया है। न्यायिक मजिस्ट्रेट राघव शर्मा ने कहा कि कोई मान्य और ठोस सबूत पेश नहीं किए गए।

### दंपती ने किया सुसाइड 3 बच्चों को दिया जहर



ग्रेटर नोएडा। ग्रेटर नोएडा में दंपती और बच्चों को जहरीला पदार्थ खिलाने का मामला सामने आया है। ईकोटेक-3 कोतवाली क्षेत्र में बुधवार रात घरेलू कलह के चलते दंपती ने जहरीला पदार्थ खा लिया और तीन बच्चों को भी खिला दिया। दंपती की मौत हो गई है। तीनों बच्चों का इलाज चल रहा है।

सीबीआई अकादमी गाजियाबाद में रिकॉर्ड बैच का पासिंग आउट परेड


# 134 सब-इंस्पेक्टर प्रशिक्षण प्राप्त कर बने जांच की नई ताकत, 18 महिलाएं शामिल

प्रशिक्षण के दौरान नवप्रशिक्षु सब-इंस्पेक्टरों को कानून एवं जांच कौशल, भ्रष्टाचार निरोधक मामलों की जांच, पारंपरिक अपराध, खुफिया जानकारी संकलन, आर्थिक अपराध, साइबर अपराध, बैंक धोखाधड़ी, मोबाइल फॉरेंसिक, फॉरेंसिक मेडिसिन एवं फॉरेंसिक साइंस जैसे विषयों में गहन प्रशिक्षण दिया गया। इसके साथ ही सीबीआई निदेशक प्रवीन सूद ने 5- स्टार रेटिंग का भी उल्लेख किया

राज कुमार सिंह चौहान ब्यूरो प्रमुख / नई दिल्ली,

केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) अकादमी, गाजियाबाद में गुरुवार को 134 सब-इंस्पेक्टरों के रिकॉर्ड बैच का भव्य पासिंग आउट परेड (पीओपी) आयोजित किया गया। इस अवसर पर सीबीआई निदेशक प्रवीन सूद मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। यह परेड 15 मई 2025 से प्रारंभ हुए बेसिक प्रशिक्षण के सफल समापन का प्रतीक रही। प्रशिक्षण के दौरान नवप्रशिक्षु सब-इंस्पेक्टरों को कानून एवं जांच कौशल, भ्रष्टाचार निरोधक मामलों की जांच, पारंपरिक अपराध, खुफिया जानकारी संकलन, आर्थिक अपराध, साइबर अपराध, बैंक धोखाधड़ी, मोबाइल फॉरेंसिक, फॉरेंसिक मेडिसिन एवं फॉरेंसिक साइंस जैसे विषयों में गहन प्रशिक्षण दिया गया। इसके साथ ही सीबीआई शाखाओं, न्यायालयों, स्थानीय पुलिस थानों, राष्ट्रीय फॉरेंसिक विज्ञान विश्वविद्यालय (एनएफएसयू), एम्स, सेबी आदि संस्थानों में फील्ड अटैचमेंट और अध्ययन भ्रमण भी कराया गया।

सीबीआई निदेशक प्रवीन सूद ने प्रशिक्षुओं को बधाई देते हुए उनके परिवारों के सहयोग की सराहना की। यह सीबीआई अकादमी के इतिहास का अब तक का सबसे बड़ा सब-इंस्पेक्टर बैच है। उन्होंने बैच में 18 महिला अधिकारियों की भागीदारी को संगठन में बढ़ती लैंगिक विविधता का सकारात्मक संकेत बताया। सूद ने अकादमी को हाल ही में कैपेसिटी बिल्डिंग कमीशन से मिली 5-स्टार रेटिंग का भी उल्लेख किया।




### फील्ड में सही सीख मिलेगी

नव नियुक्त अधिकारियों को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि प्रशिक्षण पासिंग आउट परेड के साथ समाप्त नहीं होता, बल्कि असली सीख तो फील्ड में शुरू होती है। बदलती चुनौतियों के दौर में अधिकारियों को आजन्म सीखने की प्रवृत्ति अपनाने की आवश्यकता है। उन्होंने आधुनिक जांच में तकनीक और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) की भूमिका को रेखांकित करते हुए कहा कि एआई जांच को तेज और प्रभावी बनाने का साधन है, लेकिन मानव विवेक का स्थान नहीं ले सकता।

### पुरस्कार भी प्रदान किए

समारोह के दौरान उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रशिक्षुओं को पुरस्कार भी प्रदान किए गए। सत्यव्रत सिंह को डी.पी. कोहली अवार्ड

(सर्वश्रेष्ठ ऑल-राउंड एसआई प्रशिक्षु) एवं डीसीबीआई ट्रॉफी (इंडोर स्टडीज) साहिथ्या जी. को साइबर अपराध जांच ट्रॉफी,

शेखर बलियान को जॉन लोबो ट्रॉफी (सर्वश्रेष्ठ आउटडोर)

रक्षित कुमार को सीबीआई अकादमी ट्रॉफी (निष्ठा एवं अनुकरणीय आचरण) प्रदान की गई।

### ‘खास लैब’ का उद्घाटन किया

इस अवसर पर सीबीआई निदेशक ने सीबीआई अकादमी में विकसित ‘ट्रेनिंग एंड रिसर्च इन एडवांस साइबर एविडेंस लैब’ का भी उद्घाटन किया। यह प्रयोगशाला साइबर अपराध जांच, डिजिटल फॉरेंसिक और इलेक्ट्रॉनिक साक्ष्य के व्यावहारिक प्रशिक्षण के लिए समर्पित होगी, जहां जांच अधिकारियों को साक्ष्य की जब्ती से लेकर अदालत में प्रस्तुतिकरण तक की वास्तविक परिस्थितियों में प्रशिक्षण दिया जाएगा।

कार्यक्रम में सीबीआई के वरिष्ठ अधिकारी , विशेष निदेशक मनोज शशिधर, विशेष निदेशक संपत मीना, अतिरिक्त निदेशक एन. वेंकुगोपाल एवं एवाईवी कृष्णा सहित अन्य विभागों और स्थानीय प्रशासन के अधिकारी भी उपस्थित रहे।

एसआईआर में गड़बड़ी के आरोप

# सुप्रीम कोर्ट ने दफ्तरों के बाहर ‘सूची’ लगाने के दिए निर्देश




अमन लेखनी समाचार/ नई दिल्ली,

तमिलनाडु में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) को लेकर दाखिल याचिकाओं पर सुनवाई करते हुए सुप्रीम कोर्ट ने अहम दिशा-निर्देश जारी किए हैं। याचिकाओं में चुनाव आयोग की प्रक्रिया में कथित अनियमितताओं को चुनौती दी गई थी। जिस पर मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत की अध्यक्षता वाली पीठ ने चुनाव आयोग को निर्देश दिया है कि जिन लोगों के नाम लॉजिकल डिस्क्रेपेंसी यानी तार्किक विसंगति सूची में शामिल किए गए हैं, उनकी सूची को ग्राम पंचायत भवन, प्रत्येक उपखंड कार्यालय और शहरी क्षेत्रों के वार्ड कार्यालयों में प्रदर्शित किया जाए। शीर्ष अदालत ने कहा कि जिन मतदाताओं के नाम इस सूची में हैं, वे सूची प्रकाशित होने की तारीख से 10 दिनों के भीतर खुद या अपने अधिकृत प्रतिनिधि के माध्यम से आवश्यक दस्तावेज जमा कर सकते हैं।

### पर्याप्त कर्मचारियों की तैनाती की जाए

सुप्रीम कोर्ट ने सभी कलेक्टरों को चुनाव आयोग के निर्देशों का पालन करने और एसआईआर प्रक्रिया को सुचारू रूप से संचालित करने के लिए पर्याप्त कर्मचारियों की तैनाती सुनिश्चित करने को भी कहा है। इसके साथ ही वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों को कानून-व्यवस्था बनाए रखने के निर्देश दिए गए हैं। कोर्ट ने अपने आदेश में कहा कि तमिलनाडु के पुलिस महानिदेशक और पुलिस आयुक्त यह सुनिश्चित करें कि कानून-व्यवस्था की कोई समस्या उत्पन्न न हो और पूरी प्रक्रिया शांतिपूर्ण एवं सुचारू रूप से संपन्न हो।

बिहार वोटर लिस्ट विवाद

### याचिकाओं पर फैसला रखा सुरक्षित



उच्चतम न्यायालय ने बिहार में एसआईआर की प्रक्रिया को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर गुरुवार को अपना फैसला सुरक्षित रख लिया। इन याचिकाओं में गैर-सरकारी संगठन एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स की ओर से दायर याचिका भी शामिल है। एसआईआर की प्रक्रिया पर प्रधान न्यायाधीश सूर्यकांत और न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची की पीठ ने वरिष्ठ अधिवक्ता कपिल सिब्बल, अभिषेक सिंघवी, प्रशांत भूषण और गोपाल शंकरनारायण सहित कई वकीलों की दलीलें सुनने के बाद सुनवाई पूरी की। फैसला सुरक्षित रखा है।

अविमुक्तेश्वरानंद ने काशी में कहा

# भाजपा की सरकार में ‘न्याय’ की आशा नहीं, गलती भी नहीं मानी

अमन लेखनी समाचार/ नई दिल्ली,



शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद ने काशी में कहा कि पूरे देश में लोगों ने वीडियो में देखा कि बटुकों को उनकी चोटी पकड़कर उन्हें अपमानित किया जा रहा है। अपनी गलती को गलती न मानना और अपने अपराध को न स्वीकार करना ये उन पर निर्भर करता है। जो अपराध किया वो सबके सामने आ ही गया है। हमने संयम से 11 दिन प्रयागराज में रहकर उनको मौका दिया कि आपसे जो अपराध हुआ है चाहे तो आप सुधार सकते हैं, लेकिन उन्होंने नहीं सुधारा।

इस पार्टी की सरकार में न्याय की कोई आशा न करे यही संदेश मिला है। यूजीसी के नए नियमों पर अविमुक्तेश्वरानंद ने कहा कि यह नियम इसी लिए लाया गया है कि उनकी कमियां जो हैं उसकी चर्चा कोई न करे। सवाल ये है कि यूजीसी जैसा नियम जो सनातन धर्म के लिए बहुत बड़ा खतरा है।

केंद्र सरकार को मिले सुझाव

# बर्गर, नूडल्स और पिज्जा के एड सुबह 6 से रात 11 तक बैन करें

अमन लेखनी समाचार/ नई दिल्ली,



अधिक वसा एवं चीनी वाले अत्यधिक प्रसंस्कृत खाद्य उत्पादों (यूपीएफ) की बढ़ती खपत पर गंभीर चिंता जताते हुए आर्थिक समीक्षा ने सुबह से देर रात तक इन उत्पादों के विज्ञापनों पर प्रतिबंध लगाने पर विचार करने का सुझाव दिया है। आर्थिक समीक्षा 2025-26 कहती है कि शिशु और छोटे बच्चों के इस्तेमाल वाले दूध एवं पेय पदार्थों के विपणन पर भी सख्त पाबंदियों की जरूरत है। आर्थिक समीक्षा में उच्च वसा, चीनी और नमक वाले खाद्य पदार्थों के लिए चेतावनी के साथ पैकेट के सामने वाले हिस्से पर पोषण संबंधी सूचना देने और बच्चों को लक्षित विपणन पर लगाम लगाने का सुझाव दिया है। व्यापार समझौते किसी भी तरह से सार्वजनिक स्वास्थ्य नीतियों को कमजोर न करें। बर्गर, नूडल्स, पिज्जा एवं शीतल पेय का बढ़ता सेवन दुनियाभर में दीर्घकालिक बीमारियों को बढ़ावा दे रहा है।

## बीटिंग द रिट्रीट: विजय चौक पर गूंजा ‘गीत’



नई दिल्ली। विजय चौक पर बीटिंग द रिट्रीट समारोह के साथ ही गणतंत्र दिवस के 4 दिनी आयोजनों का समापन हो गया। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू की उपस्थिति में सेना के शौर्य और देश की सांस्कृतिक विरासत का अनूठा संगम दिखा। राष्ट्रपति को सेना ने नेशनल सैल्यूट दिया। तिरंगा फहराया गया और तीनों सेनाओं के बैंड ने ‘कदम-कदम बढ़ाए जा’ की धुन के साथ कार्यक्रम का आगाज़ किया। इस अवसर पर उपराष्ट्रपति सीपी राधाकृष्णन, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह सहित देश का शीर्ष नेतृत्व मौजूद रहा।

# शिक्षकों और शिक्षा कर्मियों के कैशलैस इलाज पर 359 करोड़ खर्च करेगी सरकार

## 11.95 लाख बेसिक व 2.97 लाख माध्यमिक शिक्षक व कर्मियों को मिलेगी सुविधा

**लखनऊ।** प्रदेश सरकार ने बेसिक शिक्षा परिषद से जुड़े शिक्षकों एवं शिक्षा कर्मियों को बड़ी सौगात दी है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में हुई कैबिनेट की बैठक में यह निर्णय लिया गया कि अब बेसिक शिक्षा परिषद के अधीन कार्यरत शिक्षक, शिक्षामित्र, अनुदेशक सहित अन्य कर्मी और उनके आश्रित सरकारी के साथ-साथ निजी अस्पतालों में भी कैशलेस इलाज की सुविधा प्राप्त कर सकेंगे। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बीते वर्ष शिक्षक दिवस-2025 के अवसर पर इस योजना की घोषणा की थी, जिस पर अब मंत्रिपरिषद ने औपचारिक मुहर लगा दी है। इस निर्णय से बेसिक शिक्षा परिषद के अंतर्गत आने वाले करीब 11.95 लाख से अधिक शिक्षक, शिक्षा कर्मी और उनके आश्रित परिवार लाभान्वित होंगे। माध्यमिक शिक्षा विभाग के अंतर्गत कार्यरत शिक्षक, विषय विशेषज्ञ, मानदेय शिक्षक एवं शिक्षणेत्तर कर्मी भी इस सुविधा को प्राप्त कर सकेंगे। इस निर्णय से माध्यमिक शिक्षा विभाग के अंतर्गत करीब 2.97 लाख से अधिक शिक्षक, शिक्षा कर्मी एवं उनके आश्रित परिवार लाभान्वित होंगे। इस पर लगभग 89.25 करोड़ रुपये का खर्च अनुमानित किया जाएगा।



यह सुविधा आयुष्मान भारत जन आरोग्य योजना की तर्ज पर लागू की जाएगी, जिसमें आईपीडी (अंतरोर्गी) उपचार पूरी तरह कैशलेस होगा। योजना के अंतर्गत बेसिक शिक्षा परिषद के विद्यालयों एवं परिषद से मान्यता प्राप्त अनुदानित एवं स्ववित्तपोषित विद्यालयों में कार्यरत शिक्षक एवं शिक्षिकाएं, शिक्षामित्र, विशेष शिक्षक, अनुदेशक, कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालयों की वार्डेन, पूर्णकालिक व अंशकालिक शिक्षक, प्रधानमंत्री पोषण योजना से जुड़ी रसोइयां तथा इन सभी के आश्रित परिवार के सदस्य शामिल होंगे। इसी तरह माध्यमिक शिक्षा विभाग के अंतर्गत अनुदानित विद्यालयों में कार्यरत शिक्षक (व्यावसायिक शिक्षा के विषय विशेषज्ञों एवं मानदेय शिक्षकों सहित) संस्कृत शिक्षा परिषद की ओर से मान्यता प्राप्त अनुदानित विद्यालयों के शिक्षक (मानदेय सहित), माध्यमिक शिक्षा परिषद एवं संस्कृत शिक्षा परिषद से मान्यता प्राप्त स्ववित्तपोषित विद्यालयों के शिक्षक, राजकीय एवं सहायता प्राप्त माध्यमिक विद्यालयों में मानदेय पर कार्यरत व्यावसायिक शिक्षा के विषय विशेषज्ञ को आईपीडी (अंतः रोगी विभाग) में कैशलेस इलाज की सुविधा मिलेगी। बेसिक शिक्षा मंत्री संदीप सिंह ने बताया कि इस योजना पर सरकार की ओर से प्रति कर्मी लगभग 3000 रुपये वार्षिक प्रीमियम के हिसाब से कुल 358.61 करोड़ रुपये का अनुमानित वार्षिक व्यय किया जाएगा। यह योजना शिक्षा कर्मियों को बेहतर स्वास्थ्य सुरक्षा प्रदान करने की दिशा में एक बड़ा कदम है। फैसले के तहत इस सुविधा का लाभ उनके आश्रित परिवार के सदस्य भी उठा सकेंगे। माध्यमिक शिक्षा मंत्री गुलाब देवी ने बताया कि यह योजना आयुष्मान भारत जन आरोग्य योजना की तर्ज पर लागू की जाएगी। कैशलेस इलाज की सुविधा सरकारी अस्पतालों के साथ-साथ साचीज से संबद्ध निजी अस्पतालों में भी उपलब्ध होगी। इलाज की दरें प्रधानमंत्री आयुष्मान भारत योजना एवं राष्ट्रीय स्वास्थ्य प्राधिकरण द्वारा निर्धारित मानकों के अनुसार होंगी। यह भी स्पष्ट किया गया है कि जो व्यक्ति पहले से केंद्र या राज्य सरकार की किसी अन्य स्वास्थ्य योजना, प्रधानमंत्री आयुष्मान जन आरोग्य योजना अथवा मुख्यमंत्री जन आरोग्य अभियान के अंतर्गत आच्छादित हैं, उन्हें इस योजना का अतिरिक्त लाभ नहीं मिलेगा।

बेसिक शिक्षा परिषद से संबद्ध स्ववित्तपोषित मान्यता प्राप्त विद्यालयों में कार्यरत शिक्षकों एवं कर्मियों को कैशलेस इलाज योजना का लाभ देने से पहले वेरिफिकेशन की प्रक्रिया अपनाई जाएगी। इसके लिए प्रदेश के प्रत्येक जनपद में जिला स्तरीय कमेटी का गठन किया जाएगा। इस कमेटी की अध्यक्षता संबंधित जनपद के जिला विद्यालय निरीक्षक एवं बेसिक शिक्षा अधिकारी की ओर से की जाएगी।

# उत्तर प्रदेश को मैन्युफैक्चरिंग हब बनाने की तैयारी

- **सस्ती-निर्बाध बिजली पर फोकस, औद्योगिक विकास के लिए भरोसेमंद बिजली आपूर्ति सरकार की प्राथमिकता**

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में औद्योगिक विकास की गति तेज करने को लेकर योगी आदित्यनाथ सरकार ने ऊर्जा क्षेत्र को अपनी सर्वोच्च प्राथमिकताओं में शामिल किया है। भरोसेमंद, सस्ती और निर्बाध बिजली आपूर्ति, निवेश और रोजगार के लक्ष्य को प्राप्त करने में बड़ी भूमिका निभाती है। इसी सोच के अंतर्गत प्रदेश में बिजली उत्पादन, ट्रांसमिशन और वितरण व्यवस्था को मजबूत करने के लिए व्यापक स्तर पर सुधार लागू किए गए हैं। प्रदेश सरकार का लक्ष्य उत्तर प्रदेश को मैन्युफैक्चरिंग और निवेश का प्रमुख केंद्र बनाना है।

औद्योगिक विकास के लिए 24 घंटे अबाधित बिजली आपूर्ति को सुनिश्चित करना प्रमुख लक्ष्य है। बीते वर्षों में नए पावर प्लांट की स्थापना, ट्रांसमिशन नेटवर्क के विस्तार और सब स्टेशनों के निर्माण से बिजली व्यवस्था में सुधार हुआ है। औद्योगिक क्षेत्रों और एक्सप्रेस-वे कॉरिडोर के आसपास बिजली अवसंरचना को विशेष रूप से मजबूत किया गया है, ताकि उद्योगों को निर्बाध आपूर्ति मिल सके और उत्पादन प्रभावित न हो। प्रदेश में निर्बाध बिजली आपूर्ति के लिए वर्ष 2017 से नवंबर, 2025 के मध्य तक 15,87,369 डिस्ट्रीब्यूशन ट्रांसफार्मर स्थापित किये जा चुके हैं। 33/11 केवी क्षमता वाले 765 नए सब स्टेशन बनाये गए। 2,455 पुराने विद्युत उपकेन्द्रों की क्षमता बढ़ाई गई है। कम लागत की बिजली को प्रदेश की प्रतिस्पर्धात्मक क्षमता बढ़ाने का अहम साधन माना जा रहा है। सरकार का कहना है कि सस्ती बिजली मिलने से उद्योगों की उत्पादन लागत घटेगी, जिससे वे घरेलू और वैश्विक बाजार में बेहतर तरीके से प्रतिस्पर्धा कर सकेंगे। इसी को ध्यान में रखते हुए औद्योगिक नीतियों में ऊर्जा लागत को नियंत्रण में रखने पर जोर दिया गया है। निवेशकों को स्थिर दरों पर पर्याप्त बिजली उपलब्ध कराने का भरोसा दिया जा रहा है। ऊर्जा क्षेत्र में किए गए सुधारों का असर निवेश माहौल पर भी दिखाई दे रहा है। बेहतर बिजली आपूर्ति के कारण मैन्युफैक्चरिंग, लॉजिस्टिक्स और सर्विस सेक्टर में नए निवेश प्रस्ताव सामने आ रहे हैं।

औद्योगिक इकाइयों का मानना है कि स्थिर बिजली आपूर्ति से उत्पादन की निरंतरता बनी रहती है, जिससे परियोजनाओं की समयसीमा और लागत दोनों नियंत्रित रहती हैं। योगी सरकार के द्वारा औद्योगिक इकाइयों के विस्तार को लेकर उठाये जा रहे कदमों से प्रदेश में बड़े पैमाने पर रोजगार के अवसर सृजित होंगे। सस्ती और निर्बाध बिजली से फैक्ट्रियों का संचालन आसान होगा और नई इकाइयों की स्थापना को प्रोत्साहन मिलेगा। इससे युवाओं के लिए रोजगार के नए रास्ते खुलेंगे। रोजगार सृजन को सरकार की आर्थिक रणनीति का अहम हिस्सा माना जा रहा है, जिसमें ऊर्जा व्यवस्था को मजबूत आधार के रूप में देखा जा रहा है।

# सफल तिरंगा यात्रा के बाद सूरज प्रधान ने पत्रकारों का किया सम्मान

**अमन लेखनी समाचार**

गोसाईगंज। गणतंत्र दिवस की पूर्व संध्या पर गोसाईगंज क्षेत्र में आयोजित विशाल तिरंगा यात्रा की धूमधाम पूर्ण सफलता के उपरांत बुधवार को समाजसेवी सूरज प्रधान ने मीडिया के प्रति आभार व्यक्त करते हुए क्षेत्रीय पत्रकारों का स्वागत-सम्मान समारोह आयोजित किया। यह तिरंगा यात्रा 25 जनवरी 2026 को जे.एन.डी. खेल मैदान (हसनपुर खेवली) से शुरू होकर सुल्तानपुर रोड, एचसीएल तिराहा होते हुए पटेल पार्क, गोसाईगंज पर समाप्त हुई थी। यात्रा में हजारों की संख्या में स्थानीय निवासी, युवा, महिलाएं एवं गणमान्य व्यक्ति शामिल हुए, जिन्होंने हाथों में तिरंगा लहराकर राष्ट्रप्रेम एवं एकता का संदेश दिया। यात्रा में प्रमुख रूप से राम सिंह प्रधान, पूर्ण कअर संजीव कुमार, मेजर आर.एल. वर्मा, पार्षद केशव प्रसाद, सुनील कुमार सहित क्षेत्र के कई जाने-माने लोग उपस्थित रहे। आयोजक सूरज प्रधान ने बताया कि पिछले दो महीनों से चल रही तैयारियों के



फलस्वरूप यह कार्यक्रम ऐतिहासिक स्तर पर सफल रहा। सफलता के बाद हसनपुर खेवली खेल मैदान पर आयोजित सम्मान समारोह में सूरज प्रधान ने सभी पत्रकारों का व्यक्तिगत स्वागत किया तथा उन्हें नववर्ष डायरी और पेन देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम में यात्रा से जुड़े सभी महत्वपूर्ण व्यक्तियों का भी सम्मान किया गया। अतिथियों एवं उपस्थितजनों के लिए सूक्ष्म जलपान की भी व्यवस्था की गई थी। समारोह में पवन वर्मा, संकेत रावत, विकास रावत, सौरभ रावत, गुड्डू रावत, सचिन, अमित रावत, गोलू, लक्की चौधरी, दिलीप, विवेक, आकाश रावत, अनुज कुमार ने महत्व पूर्ण भूमिका निभाई। सूरज प्रधान ने मीडिया की सराहना करते हुए कहा कि पत्रकारों की सक्रिय भागीदारी एवं कवरेज के बिना इस भव्य आयोजन की सफलता अधूरी रहती। उन्होंने सभी का आभार व्यक्त किया और भविष्य में ऐसे देशभक्ति कार्यक्रमों को जारी रखने का संकल्प लिया।

# यूपी में घर बनाना हुआ महंगा, पत्थरों से लेकर मौरंग तक की दरों में होगी बढ़ोतरी

**अमन लेखनी समाचार**

लखनऊ। घर बनाने के लिए अब लोगों को पहले से ज्यादा राशि खर्च करनी पड़ेगी। प्रदेश में ग्रेनाइट आदि पत्थरों से लेकर मौरंग तक की दरों में बढ़ोतरी होने जा रही है। खनन विभाग ने उपखनिजों के स्वामित्व की दरों और वार्षिक अपरिहार्य भाटक (डेड रेंट) में बढ़ोतरी के लिए उत्तर प्रदेश खनिज परिहार नियमावली-2021 में द्वितीय संशोधन का का प्रस्ताव दिया था, जिसे गुरुवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में कैबिनेट ने स्वीकृति दे दी है। प्रस्ताव के तहत ग्रेनाइट साइज्ड डायमेंशनल स्टोन के स्वामित्व की दर को एक मीटर या उससे अधिक आकार के लिए पांच हजार रुपये प्रति घनमीटर से बढ़ाकर छह हजार रुपये प्रति घनमीटर, एक मीटर से कम साइज के लिए तीन हजार रुपये से बढ़ाकर चार हजार रुपये प्रति घनमीटर, स्लैब के लिए 650 रुपये प्रति घनमीटर से बढ़ाकर 850 रुपये प्रति घनमीटर की गई है। ग्रेनाइट और डेलोस्टोन के लिए स्वामित्व की दर 160 रुपये प्रति घनमीटर से बढ़ाकर 165 रुपये प्रति घनमीटर, सैंडस्टोन व क्वार्टजाइट के लिए 110 रुपये प्रति घनमीटर से बढ़ाकर 140 रुपये प्रति घनमीटर, नदी तल में उपलब्ध मौरंग के लिए 150 रुपये प्रति घनमीटर से बढ़ाकर 190 रुपये प्रति घनमीटर, पहाड़ों के क्षरण से बनने वाली लाल मौरंग के लिए 75 रुपये प्रति घनमीटर से बढ़ाकर 100 रुपये प्रति घनमीटर कर दिया गया है। वहीं साधारण बालू की दर में भी 15 रुपये प्रति घनमीटर की वृद्धि की गई है। चूना पत्थर पर पूर्व में स्वामित्व की दर 150 रुपये प्रति टन थी, अब इसे सूची से बाहर कर दिया गया है। इनके अलावा पायरोफिलाइट के लिए स्वामित्व की दर 300 रुपये प्रति टन से बढ़ाकर 340 रुपये प्रति टन, डायस्पोर के लिए 50 रुपये प्रति टन से बढ़ाकर 525 रुपये प्रति टन, सिलिका सैंड के लिए 100 रुपये प्रति टन से बढ़ाकर 150 रुपये प्रति टन कर दी गई है। इसके साथ ही उपखनिजों के लिए वार्षिक अपरिहार्य भाटक (डेड रेंट) भी बढ़ा दिया गया है।

# डायरिया से डर नहीं कार्यक्रम के तहत सेवा प्रदाताओं का अभिमुखीकरण

**पीएसआई इंडिया व केनव्यू के सहयोग से कार्यशाला आयोजित**

**अमन लेखनी समाचार**

आगरा। पापुलेशन सर्विसेज इंटरनेशनल इंडिया (पीएसआई इंडिया) और केनव्यू के सहयोग से गुरुवार को मुख्य चिकित्सा अधिकारी कार्यालय के बैठक कक्ष में सेवा प्रदाताओं की अभिमुखीकरण कार्यशाला आयोजित की गयी। कार्यशाला में पीएसआई इंडिया और केनव्यू के सहयोग से जनपद में चलाये जा रहे 'डायरिया से डर नहीं' कार्यक्रम को सफल बनाने में सेवा प्रदाताओं (स्टाफ नर्स) की भूमिका पर गहन चर्चा हुई। अभिमुखीकरण का मुख्य उद्देश्य डायरिया के बारे में समुदाय को विस्तार से जानकारी देना, ओआरएस और जिंक से डायरिया रोकथाम के उपायों के बारे में जानकारी देना और चिकित्सक के पास जाने की सलाह देना था। कार्यशाला में पीएसआई इंडिया के पंकज कुमार ने बताया कि 'डायरिया से डर नहीं' कार्यक्रम उत्तर प्रदेश के 13 और बिहार के तीन




जनपदों में चलाया जा रहा है, जिसका उद्देश्य शून्य से पांच साल तक के बच्चों की डायरिया के कारण होने वाली मृत्यु दर को शून्य करना और दस्त प्रबंधन को बढ़ावा देना है। डायरिया से किसी भी बच्चे की मौत न होने पाए, इसमें स्टाफ नर्स अहम भूमिका निभा सकते हैं। अभिमुखीकरण कार्यशाला की अध्यक्षता डॉ. रिशी गोपाल ने की। उन्होंने डायरिया के बारे में स्टाफ नर्सों का अभिमुखीकरण करते हुए कहा कि डायरिया से बचाव के लिए स्वच्छता बहुत जरूरी है। इसलिए अपने घर और आस-पास साफ-सफाई का पूरा ख्याल रखें। बच्चों को कुछ भी खिलाने-पिलाने से पहले हाथों को अच्छी तरह साबुन-पानी से अवश्य धुल लें। उन्होंने 'डायरिया से डर नहीं' कार्यक्रम को सफल बनाने में हरसम्भव सहयोग का आश्वासन दिया। इस मौके पर शहरी स्वास्थ्य समन्वयक आकाश गौतम ने डायरिया पर पीएसआई इंडिया द्वारा कराई जा रही अभिमुखीकरण कार्यशाला की सराहना की एवं आश्वासन दिया कि आगे भी इस तरह के आयोजन में सहयोग करेंगे। इसके साथ ही यह भी कहा कि लोग अपने घरों में ओआरएस एवं जिंक जरूर रखें क अभिमुखीकरण कार्यशाला में सोमचंद्र, रक्षा, पीएसआई इंडिया से आरती और स्टाफ नर्स उपस्थित रहे।

# जीएसटी उपायुक्त प्रशांत सिंह के इस्तीफे की जांच करेंगे अपर आयुक्त अयोध्या, शासन को जल्द भेजी जाएगी रिपोर्ट

लखनऊ। अयोध्या में तैनात राज्य कर विभाग के उपायुक्त प्रशांत कुमार सिंह के इस्तीफा देने के प्रकरण में विभागीय जांच तेज कर दी गई है। आयुक्त नितिन बंसल ने अपर आयुक्त अयोध्या संतोष कुमार को जांच सौंपते हुए रिपोर्ट जल्द से जल्द दिए जाने के निर्देश दे दिए हैं। जगदगुरु स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद पर समाज को बांटने का आरोप लगाते हुए तथा मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के समर्थन में दो दिन पहले प्रशांत कुमार सिंह ने अपना इस्तीफा राज्यपाल को भेजा था, जिसे संज्ञान में लेते हुए राज्य कर की प्रमुख सचिव कामिनी चौहान रतन ने आयुक्त बंसल को पूरे प्रकरण की जांच कराते हुए रिपोर्ट देने के निर्देश दिए थे। आयुक्त ने अयोध्या में तैनात अपर आयुक्त को जांच की जिम्मेदारी देने के साथ ही रिपोर्ट जल्द से जल्द मांगी है।

# जमीन अधिग्रहण को लेकर अडानी ग्रुप के अधिकारियों और स्थानीय किसानों के बीच जमकर बवाल

**अमन लेखनी समाचार**

सरोजनीनगर, लखनऊ। गुरुवार को सरोजनी नगर क्षेत्र में लखनऊ एयरपोर्ट के समीप जमीन अधिग्रहण को लेकर अडानी ग्रुप के अधिकारियों और स्थानीय किसानों के बीच जमकर बवाल हो गया। मामला एयरपोर्ट वीआईपी तिराहे के पास हिंदुस्तान पेट्रोलियम के नए पेट्रोल पंप के बगल स्थित खाली पड़ी जमीन का है, जहां बाउंड्री वॉल निर्माण के लिए की जा रही खुदाई का किसानों ने विरोध किया। स्थिति इतनी बिगड़ गई कि दोनों पक्षों में हाथापाई और तीखी नोकझोंक हो गई। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक गुरुवार को अडानी ग्रुप के अधिकारी जेसीबी मशीन और मजदूरों के साथ मौके पर पहुंचे और जमीन की खुदाई शुरू कर दी। इसकी जानकारी मिलते ही चिल्लावां गांव के किसान बड़ी



संख्या में वहां पहुंच गए और काम का विरोध करने लगे। देखते ही देखते विवाद बढ़ गया, जिसके बाद किसानों ने डायल 112 पर पुलिस को सूचना दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने तत्काल काम रुकवाया। अधिग्रहण का विरोध कर रहे मोहम्मद तौफीक और बुजुर्ग महिला हफीजुल निशा ने बताया कि खसरा संख्या 839, रकबा लगभग 27 बिस्वा जमीन उनकी पुश्तैनी संपत्ति है। उन्होंने बताया कि उक्त जमीन उनके परिवार के कई सदस्यों के नाम दर्ज है, जिसकी खतौनी भी उनके पास मौजूद है। किसानों का आरोप है कि अडानी के लोग बिना किसी पूर्व सूचना के अचानक उनकी जमीन पर पहुंचे और जेसीबी से जबरन खुदाई शुरू कर दी। विरोध करने पर उन्हें हटाने की कोशिश की गई। किसानों ने यह भी आरोप लगाया कि पुलिस की मौजूदगी में अडानी पक्ष जमीन से संबंधित कोई वैध कागजात प्रस्तुत नहीं कर सका। आरोप है कि पुलिस के वापस जाते ही फिर से खुदाई शुरू कर दी गई, जिससे दिनभर तनाव की स्थिति बनी रही। पीड़ितों के अनुसार यह क्रम दिन में चार बार दोहराया गया और हर बार डायल 112 पर सूचना देकर पुलिस को बुलाना पड़ा।

# यूजीसी बिल के विरोध में ब्राह्मण परिवार का जोरदार प्रदर्शन, काला कानून वापस लेने की मांग

**अमन लेखनी समाचार**

लखनऊ। भारत सरकार द्वारा लाए गए यूजीसी बिल के विरोध में गुरुवार को ब्राह्मण परिवार संगठन के नेतृत्व में राजधानी लखनऊ के हजरतगंज स्थित जीपीओ पर महात्मा गांधी की प्रतिमा के समक्ष जोरदार विरोध प्रदर्शन किया गया। इस प्रदर्शन में ब्राह्मण परिवार सहित सवर्ण समाज के सैकड़ों लोग, विशेषकर बड़ी संख्या में युवा शामिल हुए। प्रदर्शन को संबोधित करते हुए संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष भानु पांडेय ने केंद्र सरकार पर गंभीर आरोप लगाए। उन्होंने कहा कि जो सरकार स्वयं को हिंदू समाज की प्रतिनिधि बताती थी, वही आज समाज को विभाजित करने का कार्य कर रही है। उन्होंने आरोप लगाया कि सवर्ण समाज ने लोकतांत्रिक प्रक्रिया में भाग लेकर वोट दिया, लेकिन आज उसी का दुष्परिणाम भुगतना पड़ रहा है।



पांडेय ने चेतावनी दी कि यदि यह 'काला बिल' शीघ्र वापस नहीं लिया गया, तो आंदोलन को और तेज करते हुए जंतर-मंतर, दिल्ली की ओर कूच किया जाएगा। ब्राह्मण परिवार संगठन के प्रवक्ता अभिषेक अग्निहोत्री ने कहा कि यूजीसी संशोधन को लेकर सवर्ण समाज में गहरा आक्रोश है। उन्होंने आरोप लगाया कि इस प्रकार के निर्णयों से उच्च शिक्षा के संस्थानों—सरकारी व निजी विश्वविद्यालयों—में जानबूझकर भय का माहौल बनाया जा रहा है। उन्होंने सवाल उठाया कि 21वीं सदी में किसी व्यक्ति को जन्म के आधार पर अपराधी ठहराना किस प्रकार न्यायसंगत है। प्रदेश अध्यक्ष श्याम नारायण मिश्रा ने कहा कि यदि भाजपा यह समझती है कि उसके पास कोई विकल्प नहीं है, तो यह उसकी बड़ी भूल है। उन्होंने स्पष्ट किया कि जो भी राजनीतिक दल इस कानून के समर्थन में खड़ा होगा, सवर्ण समाज उसे स्वीकार नहीं करेगा। आवश्यकता पड़ी तो सवर्ण समाज अपना राजनीतिक विकल्प स्वयं तैयार करेगा। उन्होंने यह भी कहा कि यूजीसी 2026 कानून में किसी प्रकार का संशोधन स्वीकार नहीं है और इसे पूरी तरह वापस लेना होगा, अन्यथा आंदोलन अनिश्चितकाल तक जारी रहेगा। प्रदर्शन के दौरान संगठन की ओर से प्रशासन के माध्यम से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को संबोधित एक मांग-पत्र भी सौंपा गया।

# घर के बाहर से विक्रम टैक्सी चोरी करने वाला युवक गिरफ्तार

**अमन लेखनी समाचार**

सरोजनीनगर, लखनऊ। बिजनौर पुलिस ने बीते दिनों घर के बाहर से चोरी हुई विक्रम टैक्सी के मामले में एक युवक को गिरफ्तार कर घटना का खुलासा कर दिया है। पुलिस ने उससे विक्रम बरामद कर आरोपी के खिलाफ कार्रवाई करते हुए उसे जेल भेज दिया है। बिजनौर पुलिस के मुताबिक औरंगाबाद जागीर की रहने वाली महिला रुबीना कुरैशी ने बीती 27 जनवरी को रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि उसके घर के बाहर खड़ी उसकी विक्रम टैक्सी (यूपी 32 एसएन 5939) चोरी हो गई है। पुलिस का कहना है कि मामले की रिपोर्ट दर्ज कर टीम गठित की गई और मुखबिर व अन्य साक्ष्यों के जरिए घटना अंजाम





देने वाले का पता लगाया जा रहा था। तभी बुधवार शाम करीब 8:15 बजे मुखबिर से पता चला कि घटना अंजाम देने वाला युवक थाना क्षेत्र के रसूलपुर इठुरिया की तरफ जाने वाली रोड पर प्रधानमंत्री आवास योजना गेट नंबर-2 के पास मौजूद है। सूचना के बाद पहुंची पुलिस ने उसे मौके से धर दबोचा। पुलिस पूछताछ में आरोपी ने अपना नाम बिजनौर कस्बा के कटरा मोहल्ला में रहने वाला मोहम्मद इसराइल बताया। पुलिस ने उसके पास से चोरी की विक्रम वाहन बरामद कर आरोपी के खिलाफ कार्रवाई करते हुए उसे गुरुवार को जेल भेज दिया है।

# वरिष्ठ पत्रकार सुशील कुमार सिंह का निधन

**पत्रकार जगत में शोक की लहर**

**अमन लेखनी समाचार**

सरोजनीनगर, लखनऊ। सरोजनीनगर प्रेस क्लब के पूर्व अध्यक्ष एवं वरिष्ठ पत्रकार सुशील सिंह का लंबी बीमारी के बाद गुरुवार को निधन हो गया। उनके निधन की खबर से पत्रकारिता जगत में गहरा शोक व्याप्त है। मूल रूप से उन्नाव जनपद के हसनगंज निवासी सुशील कुमार सिंह वर्तमान में सरोजनीनगर क्षेत्र में रह रहे थे। वे लंबे समय तक पत्रकारिता से जुड़े रहे और अपनी निष्पक्ष, निर्भीक एवं जिम्मेदार लेखनी के लिए पहचाने जाते थे। सरोजनीनगर प्रेस क्लब के अध्यक्ष पद पर रहते हुए उन्होंने संगठन को मजबूती प्रदान की और पत्रकारों की समस्याओं को प्रमुखता से उठाया।



उनके निधन पर पत्रकार संगठनों, सामाजिक कार्यकताओं एवं शुभचिंतकों ने गहरा दुख व्यक्त किया है। सभी ने दिवंगत आत्मा की शांति एवं शोक संतप्त परिजनों को यह अपार दुख सहन करने की शक्ति प्रदान करने की कामना की है।

# यथावत रहेगा नोएडा, नहीं बनेगा मेट्रोपॉलिटन कॉरपोरेशन, सुप्रीम कोर्ट के आदेश के बाद कैबिनेट ने नहीं जताई सहमति

**अमन लेखनी समाचार**

लखनऊ। प्रदेश सरकार ने न्यू ओखला औद्योगिक विकास प्राधिकरण (नोएडा) को यथावत बनाए रखने का ही निर्णय किया है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में गुरुवार को हुई कैबिनेट की बैठक में उत्तर प्रदेश औद्योगिक क्षेत्र विकास अधिनियम-1976 के तहत नोएडा को मेट्रोपालिटन कारपोरेशन बनाने संबंधी प्रस्ताव को स्वीकृति नहीं प्रदान की गई। सुप्रीम कोर्ट ने एक याचिका की सुनवाई के दौरान 22 नवंबर 2023 को नोएडा प्राधिकरण में फैले भ्रष्टाचार की जांच एसआइटी से कराने का आदेश दिया था। सरकार ने तीन सदस्यीय एसआइटी गठित कर भ्रष्टाचार की जांच कराई थी। एसआइटी में राजस्व परिषद के अध्यक्ष, मेरठ के मंडलायुक्त और अपर पुलिस महानिदेशक को शामिल किया गया था। एसआइटी ने नोएडा प्राधिकरण में भ्रष्टाचार के 12 मामलों की जांच की थी। एसआइटी की 31 अक्टूबर 2023 को शासन को सौंपी गई रिपोर्ट में इस बात का उल्लेख किया गया था कि नोएडा प्राधिकरण ने अपात्र कास्तकारों को 89.31 करोड़ रुपये का भुगतान नियमों के विपरीत किया था। इसके बाद एसआइटी ने नोएडा प्राधिकरण में पिछले 15 वर्षों में भूमि अधिग्रहण से संबंधित मामलों की भी जांच की थी। इस जांच में भूमि अधिग्रहण के 20 मामलों में 117.56 करोड़ रुपये का भुगतान गलत तरीके से किए जाने का मामला उजागर हुआ था। इसे लेकर एसआइटी ने अपनी रिपोर्ट में नोएडा में मेट्रोपालिटन कारपोरेशन के गठन का सुझाव दिया था। इसी आधार पर सुप्रीम कोर्ट ने 13 अगस्त 2025 को नोएडा प्राधिकरण में भ्रष्टाचार रोकने व कार्यों में पारदर्शिता लाने के लिए एसआइटी की रिपोर्ट को मुख्य सचिव को देने का आदेश दिया था। औद्योगिक विकास विभाग ने एसआइटी की रिपोर्ट पर संबंधित विभागों का अभिमत लेकर गुरुवार को कैबिनेट की बैठक में नोएडा को मेट्रोपालिटन कारपोरेशन बनाने के संबंध में प्रस्ताव रखा था। प्रस्ताव पर विचार-विमर्श के बाद कैबिनेट ने कारपोरेशन न बनाकर नोएडा को यथावत बनाए रखने का निर्णय किया है। यह भी पढ़ें- गोरखपुर को 721.40 करोड़ की सीवरेज परियोजना की मिली मंजूरी, 17 वार्डों के 1.95 लाख लोगों को होगा फायदा इस संदर्भ में संबंधित विभागों ने यह तर्क दिया कि यदि किसी क्षेत्र को औद्योगिक नगर के रूप में अधिसूचित किया गया है तो उस क्षेत्र में कोई मेट्रोपालिटन कारपोरेशन गठित नहीं किया जाएगा। साथ ही कहा है कि मेट्रोपालिटन कारपोरेशन बनने से औद्योगिक निवेश पर विपरीत प्रभाव पड़ सकता है।

## संक्षेप

### अज्ञात वाहन ने कार में मारी टक्कर तीन घायल

अमन लेखनी समाचार

उन्नाव। मौरावा रोड पर घने कोहरे और तेज स्पीड का दिखा कहर, कार को किसी अज्ञात वाहन ने जोरदार टक्कर मार दी जिससे कार चालक समेत अन्य लोग घायल हो गये। टक्कर मारने वाला वाहन सहित फरार हो गया। राहगीरों की सूचना पर एम्बुलेंस द्वारा घायलों को सीएचसी भेजा गया। घायलों को मामूली चोंटे ही आईं जबकि उनकी कार बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। आज बृहस्पतिवार को प्रातः लगभग समय सात बजे पुरवा-मौरावां मार्ग पर मौरावां की ओर जा रही कार ने जैसे ही मिहीखेड़ा गांव को पार किया था तभी सामने से आ रहे अज्ञात वाहन ने जोरदार टक्कर मार दी जिससे कार के परखच्चे उड़ गये। लेकिन एअर बैग खुलने से कार चालक व अन्य दो सवारों को मामूली चोंटे आईं। राहगीरों की सूचना पर पहुंची एम्बुलेंस ने उन्हें तुरंत सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पुरवा पहुंचाया जहां घायलों का प्राथमिक उपचार के बाद डिस्चार्ज कर दिया गया। कार सवार दिल्ली से चलकर जनपद रायबरेली की तहसील महराजगंज के नैनिया गांव निवासी अपने मौसा रामस्वरुप के अंतिम संस्कार में शामिल होने जा रहे थे। घायलों में दो सगे भाइयों में धर्मराज 30 व सहदेव 28, पुत्रगण राजाराम एवं उनकी बहन लवली पत्नी दिनेश निवासी गांव पानकुवरखेडा शिवगढ़ भी साथ में थी। सुबह घना कोहरा होने के कारण सामने से वाहन ने जोरदार टक्कर मार दी। प्रत्यक्ष दर्शियों के कहने के अनुसार ओवर स्पीड होने के कारण यह एक्सीडेंट हुआ हैं

### दिल्ली से रोडवेज बस द्वारा घर लौट रहे चालक को जहर खुरानी गिरोह ने बनाया शिकार

अमन लेखनी समाचार

बांगरमऊ, उन्नाव। दिल्ली से रोडवेज बस द्वारा घर लौट रहे एक ड्राइवर को जहरखुरानी गिरोह ने शिकार बना डाला। गिरोह के सदस्यों में ड्राइवर की नगदी, फोन पार कर दिया। बस चालक उसे बेहोशी के हालात में छोड़ कर चला गया। स्थानीय लोगों उसे अस्पताल में भर्ती कराया। जहां से उसे रेफर कर दिया गया।

क्षेत्र के ग्राम गहिरा निवासी 25 वर्षीय अमित पुत्र राजेश दिल्ली में रहकर निजी वाहन चालक के रूप में नौकरी करता है। बुधवार की शाम वह परिवहन विभाग की बस में सवार होकर घर लौट रहा था। रास्ते में जहर खुरानी गिरोह ने किसी तरह उसे नशीला पदार्थ खिलाकर उसके पास से नगदी, मोबाइल फोन व ड्राइवरी लाइसेंस आदि पार कर दिया। आज गुरुवार की सुबह बस परिचालक ने उसे बेहोशी की हालत में नगर के नानामऊ तिराहे पर फेंक दिया। स्थानीय लोगों के सहयोग से उसे यहां के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां से डाक्टरों ने उपचार के बाद उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया।

# ग्राम प्रधान द्वारा विशाल स्वास्थ्य मेले का किया गया आयोजन, सैकड़ों ग्रामीणों ने लिया लाभ

अमन लेखनी समाचार




गंजमुरादाबाद, उन्नाव। जनपद हरदोई के विकास खण्ड मल्लावां की पड़ोसी ग्राम पंचायत गंजजलालाबाद में ग्राम प्रधान अभिषेक दीक्षित के नेतृत्व में आज एक दिवसीय विशाल स्वास्थ्य मेले, निशुल्क दवा वितरण एवं नेत्र परीक्षण शिविर का भव्य आयोजन किया गया। इस शिविर में क्षेत्र के सैकड़ों ग्रामीणों ने पहुँचकर अपनी सेहत की जाँच कराई और विशेषज्ञों से परामर्श लिया।

स्वास्थ्य मेले का उद्घाटन बांगरमऊ के भाजपा विधायक श्रीकांत कटियार द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं पहुँचाना और लोगों को बीमारियों के प्रति जागरूक करना ही इस आयोजन का मुख्य लक्ष्य है। उन्होंने जोर दिया कि आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के लोग अक्सर इलाज के अभाव में बीमारियों से जूझते रहते हैं, ऐसे शिविर उनके लिए वरदान साबित होते हैं। शिविर में जिले के प्रतिष्ठित अस्पतालों के अनुभवी डॉक्टरों की टीम मौजूद रही। इस शिविर में बुखार, जुकाम और अन्य मौसमी बीमारियों की जाँच के साथ ही नेत्र परीक्षण मोतियाबिंद और दृष्टि दोष की जाँच कर उचित परामर्श दिया गया। जाँच के उपरांत मरीजों को आवश्यक दवाएं मुफ्त में वितरित की गईं। शिविर में ब्लड प्रेशर और मधुमेह के मरीजों के लिए विशेष स्टॉल लगाए गए थे। स्वास्थ्य मेले को लेकर ग्रामीणों में भारी उत्साह देखने को मिला। सुबह से ही पंजीकरण काउंटर पर लंबी कतारें लग गई थीं। नेत्र परीक्षण के दौरान जिन लोगों को चश्मे या आगे के इलाज की आवश्यकता थी, उन्हें संबंधित संस्थानों के लिए रेफर भी किया गया।

कार्यक्रम के समापन पर ग्राम प्रधान अभिषेक दीक्षित ने सभी स्वास्थ्य कर्मियों और डॉक्टरों का आभार व्यक्त किया। उन्होंने ग्रामीणों से अपील की कि वे अपने स्वास्थ्य के प्रति सतर्क रहें और स्वच्छता का विशेष ध्यान रखें। इसके साथ ही स्कूली बच्चों को बैग भी वितरित किये गए। इस दौरान प्रमुख समाजसेवी व राष्ट्रीय पत्रकार एसोसिएशन के अध्यक्ष नरेश दीक्षित एडवोकेट, संतोष शुक्ला, चौधरी प्रमेश सिंह, पप्पू त्रिवेदी, नगर पंचायत गंजमुरादाबाद के पूर्व अध्यक्ष रामनरेश कुशवाहा, सुनील दीक्षित प्रधान प्रतिनिधि स्पर्श दीक्षित, सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण और क्षेत्रीय लोग उपस्थित रहे।

# एसडीएम ने निर्मित सीसी मार्ग एवं नाली का किया औचक निरीक्षण

अमन लेखनी समाचार



बांगरमऊ, उन्नाव। उप जिलाधिकारी बृजमोहन शुक्ला ने आज नगर पालिका प्रशासन द्वारा निर्मित सीसी मार्ग एवं नाली का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने निर्माण कार्यों की गुणवत्ता, उपयोग की गई सामग्री और मानकों का बारीकी से जायजा लिया। मौके पर नाली के प्लास्टर में खामियां पाए जाने पर उन्होंने संबंधित अधिकारियों और ठेकेदार को तत्काल सुधार के निर्देश दिए। गौरतलब है कि करीब 1 माह पूर्व नगर के सराय रोड से नानामऊ मार्ग को जोड़ने वाले रास्ते पर नगर पालिका प्रशासन द्वारा सीसी मार्ग एवं नाली का निर्माण कराया गया है। इसी सीसी मार्ग का आज उपजिलाधिकारी बृजमोहन शुक्ला ने निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान एसडीएम ने स्पष्ट कहा कि नालियों का दुरुस्त होना अत्यंत आवश्यक है। ताकि जलभराव की समस्या न उत्पन्न हो और नागरिकों को किसी प्रकार की असुविधा न हो। उन्होंने नाली के प्लास्टर को मानक के अनुरूप मजबूत और समतल कराने के साथ-साथ सीसी मार्ग की फिनिशिंग पर भी विशेष ध्यान देने को कहा। निरीक्षण के दौरान नगर पालिका के लिपिक रविन्द्र बाबू एवं कर्मचारी भी उपस्थित रहे। एसडीएम ने समयबद्ध तरीके से कार्य पूर्ण कराने, गुणवत्ता से कोई समझौता न करने तथा भविष्य में इस प्रकार की कमियां न पाए जाने की हिदायत दी। उन्होंने चेतावनी दी कि लापरवाही पाए जाने पर जिम्मेदारों के विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी। स्थानीय नागरिकों ने निरीक्षण को सकारात्मक कदम बताते हुए उम्मीद जताई कि सुधार कार्य शीघ्र पूरा होगा और क्षेत्र में आवागमन व जलनिकासी की व्यवस्था बेहतर होगी।

# तेज रफ्तार डीसीएम ने ई रिक्शा में मारी टक्कर तीन घायल

अमन लेखनी समाचार

बांगरमऊ, उन्नाव। कोतवाली क्षेत्र में शुक्रवार दोपहर एक सड़क हादसे में ई-रिक्शा सवार दो महिलाओं और चालक समेत तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। एक तेज रफ्तार डीसीएम ने पीछे से ई-रिक्शा को जोरदार टक्कर मार दी, जिससे ई-रिक्शा के परखच्चे उड़ गए। टक्कर के बाद डीसीएम चालक वाहन सहित मौके से फरार हो गया।

टक्कर इतनी भीषण थी कि ई-रिक्शा पर सवार दोनों महिला यात्री लगभग 30 मीटर दूर खंती में जा गिरीं, जबकि ई-रिक्शा चालक वाहन के नीचे दब गया। आसपास मौजूद लोगों ने चीख-पुकार सुनकर घायलों को बाहर निकाला और निजी वाहन से अस्पताल पहुंचाया।

घायलों की पहचान नसीरपुर भीखन गांव निवासी ई-रिक्शा चालक ज्ञानचंद्र (40) पुत्र लज्जाराम, और ई-रिक्शा में सवार मीरापाल (55) पत्नी बृजकिशोर तथा रामश्री (65) पत्नी निरंजन के रूप में हुई है। ये सभी नसीरपुर भीखन गांव के ही रहने वाले हैं।

प्रारंभिक उपचार के लिए घायलों को सीएचसी बांगरमऊ ले जाया गया। वहां से रामश्री और मीरापाल को लखनऊ ट्रामा सेंटर रेफर किया गया है, जबकि चालक ज्ञानचंद्र को जिला अस्पताल रेफर किया गया। दोनों महिलाओं की हालत चिंताजनक बताई जा रही है।

यह हादसा स्लाइस स्पाइस होटल के सामने हुआ। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की जांच पड़ताल में जुट गई है।

# यूजीसी कानून के विरोध में सवर्ण समाज के लोगों ने किया प्रदर्शन

अमन लेखनी समाचार





हसनगंज, उन्नाव। कस्बा में स्थित संतोषी माता मंदिर के परिसर में यूजीसी कानून के विरोध में बृहस्पतिवार को सवर्ण समाज के लोगों ने प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारियों ने संतोषी माता मंदिर परिसर से पैदल मार्च निकालते हुए एसडीएम को राष्ट्रपति के नाम संबोधित सात सूत्रीय ज्ञापन सौंपा।

हसनगंज कस्बे के बाहर स्थित संतोषी माता मंदिर से दोपहर बृहस्पतिवार 12 बजे क्षत्रिय महासभा के बैनर तले सैकड़ों की संख्या में सवर्ण समाज के लोग एकत्र हुए। इसके बाद शांतिपूर्ण तरीके से पैदल मार्च करते हुए प्रदर्शनकारी तहसील पहुंचे, जहां एसडीएम प्रज्ञा पाण्डेय को सात सूत्रीय राष्ट्रपति संबोधित ज्ञापन सौंपा गया।

इस मौके पर वक्ताओं ने कहा कि केंद्र सरकार द्वारा लागू किया गया यूजीसी कानून समाज के हितों के खिलाफ है और इसे जबरन थोपा जा रहा है। उन्होंने मांग की कि इस कानून को तत्काल वापस लिया जाए, अन्यथा आंदोलन को और तेज किया जाएगा। प्रदर्शन में प्रमुख रूप से बृजेंद्र सिंह, डॉ. भानु प्रताप सिंह, आशीष मिश्र अन्नू, राकेश सिंह, ओम जी तिवारी, नवीन सिंह, मिलन पाण्डेय, अरुण दीक्षित, बिपिन सिंह, अजीत, विकास, राजन शर्मा, कामेश दीक्षित और आनंद पंडित मौजूद रहे।

# संदिग्ध परिस्थितियों में युवक ने फांसी लगाकर की आत्म हत्या

अमन लेखनी समाचार




बांगरमऊ, उन्नाव। अज्ञात कारणों के चलते युवक अपने घर में फांसी के फंदे पर झूल गया। घटना के बाद परिजनों में कोहराम मच गया। सूचना पर पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

नगर के स्टेशन रोड निवासी 22 वर्षीय अभिषेक त्रिवेदी पुत्र सुरेश ने अपने घर में बने जाल में धोती से फंदा बनाकर उसमें लटककर मौत को गले लगा लिया। जब परिजनों को पता चला तो कोहराम मच गया। घटना की सूचना पर पुलिस ने शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम भेज दिया है। घटना से मृतक का भाई विवेक, बहन प्रियंका, माँ पूनम सहित सभी परिजन रोकर बेहाल है। कोतवाल अखिलेश चंद पांडेय ने बताया कि शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। अन्य विधिक कार्यवाही की जा रही है। मृतक का परिवार मूल रूप से बेहटा मुजावर थानाक्षेत्र के नौशहरा अरगूपुर का निवासी है। किंतु लंबे समय से नगर में घर बनाकर रह रहा है।

# कार सवार दबंगो ने बस के चालक व परिचालक के साथ की मारपीट

अमन लेखनी समाचार



बांगरमऊ, उन्नाव। आगरा-लखनऊ एक्सप्रेसवे पर गुंडागर्दी का मामला सामने आया है। बुधवार और गुरुवार की मध्यरात्रि लगभग एक बजे बेहटा मुजावर थाना क्षेत्र की हवाई पट्टी के पास कार सवार आधा दर्जन से अधिक लोगों ने एक बस को रोककर उसके ड्राइवर और कंडक्टर पर लात-घूंसों और डंडों से हमला कर दिया। इस घटना का एक वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है।

जानकारी के अनुसार, लखनऊ से दिल्ली जा रही बस को लखनऊ में दो सवारियों का इंतजार करने के लिए कहा गया था, जिसमें ड्राइवर ने 10 मिनट का समय लिया। इससे नाराज कार सवार दबंगों ने बस का 100 किलोमीटर तक पीछा किया। किलोमीटर संख्या 241 पर हवाई पट्टी के पास उन्होंने बस के आगे अपनी कार लगा दी और उतरकर ड्राइवर-कंडक्टर पर लकड़ी की पट्टियों से हमला कर दिया। बस में बैठे एक यात्री ने घटना का वीडियो बनाने का प्रयास किया, जिस पर दबंग उस पर भी हावी हो गए। इस मारपीट में बागपत जिले के शुरूर पुर कला गांव निवासी ड्राइवर बबलू (48) और इटावा जिले के बेरौडी निवासी कंडक्टर राजेश (40) को गंभीर चोटें आई हैं। सूचना मिलने पर यूपीडा टीम मौके पर पहुंची और घायलों को एंबुलेंस की मदद से सीएचसी बांगरमऊ में भर्ती कराया, जहां उनका उपचार चल रहा है। इस घटना से एक्सप्रेसवे पर गश्त करने वाली पुलिस टीम पर सवाल खड़े हो रहे हैं। आरोप है कि हमलावर आधे घंटे तक बस में तोड़फोड़ और मारपीट करते रहे, लेकिन इस दौरान एक्सप्रेसवे पर कोई पुलिसकर्मी मौजूद नहीं था। सूचना मिलने के बाद डायल 112 पुलिस ने मौके से फरार हुए कार सवार सभी आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है। थाना प्रभारी मुन्ना कुमार ने बताया कि घटना की जांच की जा रही है।

# कोतवाली के नवनिर्मित गेट का पुलिस अधीक्षक ने किया उद्घाटन




अमन लेखनी समाचार

बांगरमऊ, उन्नाव। कोतवाली के नवनिर्मित गेट का पुलिस अधीक्षक ने फीता काटकर व शिलापट खोलकर उद्घाटन किया। उद्घाटन के बाद पुलिस अधीक्षक में अधीनस्थों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। गौरतलब है कि कोतवाली पुलिस द्वारा कोतवाली में प्रवेश हेतु एक भव्य गेट का निर्माण कराया गया है। नवनिर्मित मुख्य द्वार का आज गुरुवार को पुलिस अधीक्षक जयप्रकाश सिंहने फीता काटकर व शिलापट खोलकर उद्घाटन किया। इस दौरान एडिशनल अखिलेश सिंह, सी ओ संतोष सिंह, कोतवाल अखिलेश चंद्र पांडेय आदि सहित अन्य पुलिसकर्मी मौजूद रहे। उद्घाटन के बाद कप्तान ने बेहतर पुलिसिंग के गुर बताते हुए अन्य आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उन्होंने पीड़ितो के साथ त्वरित न्याय हेतु पुलिस को तैयार रहने की हिदायत दी।

# कथित प्रेम प्रसंग धमकी व पैसों की मांग से आहत युवक ने की आत्म हत्या

अमन लेखनी समाचार

उन्नाव। कथित प्रेम प्रसंग, धमकी और पैसों की मांग से आहत होकर एक युवक ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। मृतक की पहचान कोतवाली सदर थाना क्षेत्र के अकरमपुर निवासी 23 वर्षीय ललित कश्यप के रूप में हुई है। परिजनों ने प्रेमिका के पिता पर उत्पीड़न और 12 लाख रुपये मांगने का आरोप लगाया है। परिजनों के अनुसार, ललित वर्ष 2023 से मगरवारा निवासी एक युवती के संपर्क में था और दोनों के बीच प्रेम संबंध थे। इसी बात से नाराज होकर युवती के पिता ने ललित के खिलाफ कथित तौर पर साजिश रचनी शुरू कर दी। आरोप है कि युवती के पिता ने अपने प्रभाव का इस्तेमाल करते हुए ललित को थाने में बंद करा दिया, जहां उसे मानसिक रूप से प्रताड़ित किया गया। बताया गया कि थाने में दोनों पक्षों के बीच एक समझौता कराया गया, जिसके बाद ललित को छोड़ा गया। हालांकि, परिजनों का आरोप है कि समझौते के बाद भी उत्पीड़न खत्म नहीं हुआ। युवती के पिता ने कथित तौर पर ललित को रास्ते में रोककर धमकाया और उस पर 12 लाख रुपये देने का दबाव बनाया। रकम न देने पर झूठे मुकदमे में फंसाने और जान से मारने की धमकी भी दी गई। इस लगातार मानसिक दबाव और भय से ललित पूरी तरह टूट गया था। परिजनों ने बताया कि वह कई दिनों से परेशान था, चुप-चुप रहने लगा था और किसी से खुलकर बात नहीं कर पा रहा था प्रताड़ना से आहत होकर ललित ने फांसी लगाकर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली। ललित अपने परिवार का इकलौता बेटा और दो बहनों का अकेला भाई था। उसकी मौत से परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है। मां-बाप का रो-रोकर बुरा हाल है, वहीं बहनों का सहारा छिन गया है। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। परिजनों ने आरोपी के खिलाफ गंभीर आरोप लगाते हुए सख्त कार्रवाई की मांग की है। उनका कहना है कि यदि समय रहते पुलिस ने निष्पक्ष कार्रवाई की होती तो आज ललित जिंदा होता। फिलहाल, पुलिस का कहना है कि मामले की जांच की जा रही है।

# किसान यूनियन का प्रदर्शन

## स्वास्थ्य विभाग घोटाले में कार्रवाई, मेडिकल कॉलेज में सुविधाओं की मांग

अमन लेखनी समाचार



शाहजहांपुर, भारतीय किसान यूनियन परिवर्तनवादी ने खिरनीबाग रामलीला मैदान में अनिश्चितकालीन विरोध प्रदर्शन शुरू कर दिया है। यूनियन ने स्वास्थ्य विभाग में हुए 1.20 करोड़ रुपये के कथित घोटाले में दोषियों पर तत्काल कार्रवाई और जिला अस्पताल को मेडिकल कॉलेज में बदलने के बाद भी सुविधाओं के अभाव को लेकर अपनी मांगें रखी हैं। 1 करोड़ 20 लाख रुपये का घोटाला यूनियन के पदाधिकारियों ने आरोप लगाया कि जनपद के स्वास्थ्य विभाग में 1 करोड़ 20 लाख रुपये का घोटाला हुआ था। इस मामले में जिलाधिकारी और मुख्य विकास अधिकारी की जांच में दोषी पाए गए थे, लेकिन एक वर्ष बीत जाने के बाद भी किसी पर कोई कार्रवाई नहीं हुई है। उन्होंने घोटालेबाजों पर शीघ्र कार्रवाई की मांग की है। प्रदर्शनकारियों ने यह भी बताया कि जिला अस्पताल को मेडिकल कॉलेज तो बना दिया गया है, लेकिन वहां सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) जैसी सुविधाएं भी उपलब्ध नहीं हैं। इस अस्पताल पर जनपद ही नहीं, बल्कि गैर-जनपदों के लोग भी निर्भर थे, जिन्हें अब असुविधाओं का सामना करना पड़ रहा है। यूनियन ने इसे पुनः जिला अस्पताल बनाने की मांग की है। परेशानी को रोकने की मांग की इसके अतिरिक्त, किसानों ने ददरौल स्थित के.आर. पेपर मिल से निकलने वाले प्रदूषण और धुएं से ग्रामीणों को हो रही परेशानी को रोकने की मांग की। उन्होंने न्यायालय के आदेशों के बावजूद जमीनों पर हो रहे कब्जों को समाप्त करने, जनपद में आवारा पशुओं के आतंक पर रोक लगाने और अवैध टोल नाकों के संचालन को बंद करने सहित कई अन्य समस्याओं के समाधान की भी मांग की।

# बच्चों के सामने पत्नी ने पति का गला काटा

## प्रेमी संग मिलकर हत्या की; शाहजहांपुर में बेटा बोला- 3 अंकल आए, पापा को मार डाला

अमन लेखनी समाचार




शाहजहांपुर, पत्नी ने मासूम बच्चों के सामने चाकू से अपने पति का गला काट डाला। महिला ने अपने प्रेमी और उसके दो साथियों के साथ मिलकर वारदात को अंजाम दिया। हत्या के बाद कई घंटे बाद तक कमरे में शव के पास ही बैठी रही। सुबह मजदूरी पर साथ ले जाने के लिए देवर ने दरवाजा खटखटाया तो रोने-बिलखने का नाटक करने लगी। देवर घर के अंदर पहुंचा तो हालात देखकर चौंक गया। बड़े भाई का शव चारपाई पर पड़ा था। गर्दन कटी हुई थी। फर्श पर खून ही खून फैला था। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और पत्नी को हिरासत में लिया। पुलिस से पूछताछ के दौरान 5 साल के मासूम बेटे ने बताया- रात में 3 लोग आए थे, मम्मी के साथ मिलकर पापा का गला काट दिया। फिर अंकल चले गए। हम लोगों को भी चाकू दिखाकर डराया। देवर ने बताया- भाभी का दो साल से अपने ही सगे भांजे से अफेयर चल रहा था। आए दिन पति-पत्नी में विवाद होता था। 8 महीने पहले गांव और परिवार के लोगों ने सुलह कराया था। पर भाभी नहीं सुधरी। 3 महीने पहले घर से भाग गई थी। कुछ दिन पहले ही लौटी थी और अपने ब्वॉयफ्रेंड के साथ मिलकर मेरे भाई को मार डाला। भाई ने बताया- मैंने रात 1 बजे भाई के चीखने की आवाज सुनी थी और भाभी के भांजे समेत 3 लोगों को घर से भागते हुए देखा था। भाई ने हत्यारों को फांसी की सजा मिलनी चाहिए। फिलहाल पुलिस मामले की जांच कर रही है। घटना जिला मुख्यालय से करीब 45 किलोमीटर दूर पुवायां थाना क्षेत्र की है। पुवायां थाना क्षेत्र के बटपुरा चंदू गांव निवासी बलराम (30) की 12 साल पहले पूजा (27) से शादी हुई थी। बलराम के छोटे भाई राजू ने बताया- बुधवार रात मैं और भाई बलराम गांव में भागवत सुनने गए थे। वहां से मैं अपने घर चला गया और भाई अपने। हम दोनों के घर सिर्फ 30 मीटर की दूरी पर हैं। रात करीब एक बजे मैंने भाई की चीख सुनी।

# आंगनबाड़ी कार्यकताओं का शाहजहांपुर में प्रदर्शन

## कम मानदेय के खिलाफ आवाज, बोलीं-छह हजार रुपए में खर्च नही चल पाता

अमन लेखनी समाचार

शाहजहांपुर, महिला आंगनबाड़ी कर्मचारी संघ ने खिरनीबाग रामलीला मैदान में विरोध प्रदर्शन किया। कार्यकताओं ने कम मानदेय, उत्पीड़न और सेवा समाप्ति की धमकियों के खिलाफ अपनी आवाज उठाई। उन्होंने अपनी विभिन्न मांगों को पूरा करने की अपील की। प्रदर्शनकारियों का आरोप है कि उन्हें अक्सर मानदेय रोकने, काटने और सेवा समाप्ति की धमकी दी जाती है। उनका कहना है कि 6,000 रुपये के मानदेय में परिवार चलाना और बच्चों को शिक्षा दिलाना मुश्किल हो रहा है। इसके अलावा, कई वर्षों से मोबाइल रिचार्ज का खर्च भी उन्हें स्वयं उठाना पड़ रहा है, जिस पर विभाग ध्यान नहीं दे रहा है। संघ के पदाधिकारियों ने बताया कि वे अपनी मांगों को लेकर कई बार प्रशासन को ज्ञापन दे चुके हैं, लेकिन कहीं कोई सुनवाई नहीं हुई। उनकी मुख्य मांग है कि हाईकोर्ट और सुप्रीम कोर्ट के आदेशों का पालन करते हुए अन्य राज्यों की तरह मानदेय में वृद्धि की जाए। साथ ही, सेवानिवृत्ति पर एकमुश्त धनराशि की व्यवस्था की जाए। कार्यकताओं ने आंगनबाड़ी केंद्रों के बच्चों के लिए बेसिक और माध्यमिक स्कूलों की तरह ग्रीष्मकालीन और शीतकालीन अवकाश की भी मांग की। उन्होंने बाल विकास योजना का विस्तार कर पूरी आबादी को कवर करने और बढ़ती आबादी को देखते हुए नए आंगनबाड़ी केंद्र खोलने की बात कही। अन्य मांगों में आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को भुगतान की जानकारी के लिए पासबुक बनवाना और अतिरिक्त केंद्र का प्रभार संभालने वाली तथा संगिनी व मॉनिटर का कार्य करने वाली



कार्यकताओं को प्रतिमाह अतिरिक्त मानदेय देना शामिल है। पदाधिकारियों ने प्रशासन को 18 सूत्रीय मांग पत्र सौंपा है और चेतावनी दी है कि मांगें पूरी न होने पर आंदोलन तेज किया जाएगा।

## सम्पादकीय

# कर्तव्य पथ पर दिखी बदलते भारत की सशक्त झलक

भारत ने 26 जनवरी 2026 को अपना 77वां गणतंत्र दिवस पूरे गौरव, आत्मविश्वास और राष्ट्रीय चेतना के साथ मनाया। राजधानी दिल्ली के कर्तव्य पथ पर आयोजित गणतंत्र दिवस परेड केवल एक औपचारिक सैन्य आयोजन नहीं रही, बल्कि यह नए भारत की सोच, सामर्थ्य, समावेशिता और वैश्विक दृष्टि का भव्य प्रदर्शन बनकर सामने आई। इस वर्ष की परेड कई ऐतिहासिक बदलावों और पहली बार हुए प्रयोगों के कारण विशेष रूप से यादगार रही। इस वर्ष के गणतंत्र दिवस समारोह की सबसे बड़ी विशेषता रही पहली बार दो मुख्य अतिथियों की उपस्थिति। यूरोपीय परिषद के अध्यक्ष एंटोनियो कोस्टा और यूरोपीय आयोग की अध्यक्ष उर्सुला वॉन डेर लेयेन का शामिल होना भारत और यूरोप के बीच मजबूत होते रणनीतिक और आर्थिक संबंधों का स्पष्ट संकेत है। यह दर्शाता है कि भारत अब केवल एक उभरती अर्थव्यवस्था नहीं, बल्कि वैश्विक नीतियों, सुरक्षा और कूटनीति में निर्णायक भूमिका निभाने वाला देश बन चुका है। 77वें गणतंत्र दिवस परेड में महिला नेतृत्व ने इतिहास रच दिया। पहली बार सीआरपीएफ की पुरुष टुकड़ी का नेतृत्व एक महिला कमांडेंट द्वारा किया गया। यह दृश्य केवल प्रतीकात्मक नहीं था, बल्कि यह संदेश देता है कि भारत की सुरक्षा व्यवस्था में महिलाएं अब निर्णायक और नेतृत्वकारी भूमिकाओं में आगे बढ़ रही हैं। सेना और अर्धसैनिक बलों में महिलाओं की बढ़ती भागीदारी न केवल लैंगिक समानता का प्रतीक है, बल्कि सामाजिक सोच में आए सकारात्मक बदलाव को भी दर्शाती है। इस वर्ष की परेड का एक प्रमुख आकर्षण रहा सेना के युद्ध मॉडल और ऑपरेशन 'सिंदूर' का लाइव प्रदर्शन। ब्रह्मोस और आकाश मिसाइल सिस्टम, सूर्यास्त्र रॉकेट लॉन्चर, अर्जुन मेन बैटल टैंक और स्वदेशी सैन्य प्लेटफॉर्मों की श्रृंखला ने 'आत्मनिर्भर भारत' के संकल्प को और मजबूत किया। राफेल, सुखोई, मिग-29 और जगुआर सहित 29 एयरक्राफ्ट्स ने सिंदूर, वज्रांग, अर्जन और प्रहार जैसे फॉर्मेशन बनाकर आकाश में भारत की सामरिक क्षमता का प्रभावशाली प्रदर्शन किया। यह दृश्य न केवल सैन्य शक्ति का प्रतीक था, बल्कि देश के युवाओं में राष्ट्रभक्ति, आत्मविश्वास और गर्व की भावना को भी सुदृढ़ करने वाला रहा। झांकियों के माध्यम से विभिन्न राज्यों और मंत्रालयों ने भारत की सांस्कृतिक विविधता, ऐतिहासिक विरासत और विकास योजनाओं को प्रस्तुत किया। इन झांकियों में 'एक भारत, श्रेष्ठ भारत' की भावना स्पष्ट रूप से झलकती नजर आई। एनिमल कंटिंजेंट की भागीदारी ने परंपरा और आधुनिकता के संतुलन को दर्शाते हुए परेड को और भी विशिष्ट बना दिया। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू द्वारा तिरंगा फहराना, राष्ट्रगान के बाद 21 तोपों की सलामी और ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला को अशोक चक्र से सम्मानित किया जाना, ये सभी क्षण देश की सैन्य वीरता, बलिदान और संवैधानिक मूल्यों के प्रति गहरे सम्मान को दर्शाते हैं। कुल मिलाकर, 77वें गणतंत्र दिवस की परेड केवल अतीत की उपलब्धियों का उत्सव नहीं थी, बल्कि यह भविष्य की दिशा का स्पष्ट संकेत भी थी। यह परेड बताती है कि भारत आत्मनिर्भर, तकनीकी रूप से सक्षम, सैन्य रूप से सशक्त, लैंगिक रूप से समावेशी और वैश्विक मंच पर आत्मविश्वास के साथ खड़ा राष्ट्र है। कर्तव्य पथ पर प्रदर्शित यह शौर्य वास्तव में नए भारत की पहचान है, एक ऐसा भारत जो अपनी परंपराओं पर गर्व करता है और भविष्य की चुनौतियों का सामना करने के लिए पूरी तरह तैयार है।



प्रदूषण — प्रमोद भार्गव

नवंबर 2021 में ग्लासगो में हुए वैश्विक सम्मेलन में तय हुआ था कि 2030 तक विकसित देश और 2040 तक विकासशील देश ऊर्जा उत्पादन में कोयले का प्रयोग बंद कर देंगे। यानी 2040 के बाद थर्मल पावर अर्थात ताप विद्युत संयंत्रों में कोयले से बिजली का उत्पादन पूरी तरह बंद हो जाएगा। तब भारत-चीन ने पूरी तरह कोयले पर बिजली उत्पादन पर असहमति जताई थी, लेकिन 40 देशों ने कोयले से पल्ला झाड़ लेने का भरोसा दिया था। 20 देशों ने विश्वास जताया था कि 2022 के अंत तक कोयले से बिजली बनाने वाले संयंत्रों को बंद कर दिए जाएंगे। परंतु ऐसा कुछ हुआ नहीं। इन बदलते हालातों में हमें जिंदा रहना है तो जिंदगी जीने की शैली को भी बदलना होगा।

# कोयला उत्पादन में कमी लाने की जरूरत

दिल्ली समेत भारत वायु प्रदूषण चरम पर पहुंच जाने के कारण चर्चा में है। सड़कों पर बढ़ते वाहन तो प्रदूषण के बड़े कारण हैं ही, कोयले से चलने वाले ताप विद्युत संयंत्र भी वायु प्रदूषण फैलाने के बड़े कारक बन रहे हैं। बावजूद इन संयंत्रों को राहत दी जा रही है। साथ ही कोयला खदान खोलने की प्रक्रिया को सरल बनाना भी यह दर्शाता है कि बड़ी मात्रा में बिजली उत्पादन के लिए जीवाश्म ईंधन की जरूरत बनी रहेगी। ताप विद्युत संयंत्रों के लिए फ्लू एंड गैस डिसल्फराइजेशन (एफजीडी) लगाने की तिथि निर्धारित कर दी गई थी। किंतु अब इसकी अवधि बढ़ा दी गई है, जबकि रिसर्च ऑन एनर्जी एंड क्लीन एयर (सीआरईए) की नई रिपोर्ट ने साफ कर दिया है कि देश के करीब 78 प्रतिशत ताप बिजली संयंत्रों में सल्फर डाईऑक्साइड (एसओ-2) को नियंत्रित करने की प्रणाली नहीं है। इस कारण वायु प्रदूषण फैलाने में इनकी बड़ी भूमिका सामने आ रही है। देश में इलेक्ट्रिक उपकरणों और अब इलेक्ट्रिक कारों सहित अन्य वाहनों की आमद ने बिजली की आपूर्ति को ध्यान में रखते हुए विद्युत संयंत्रों की न केवल जरूरत को रेखांकित किया है, अपितु यह भी संकेत मिल रहे हैं कि इन संयंत्रों की संख्या भविष्य में बढ़ाई जा सकती है। साफ है, इसी अनुपात में कोयले का उत्पादन भी बढ़ाना जरूरी हो जाएगा। इस आशंका की पुष्टी इस तथ्य से होती है कि केंद्र सरकार ने 23 दिसंबर 2025 को जारी अधिसूचना के अनुसार कोयला उत्खनन से जुड़े कोलियरी नियंत्रण नियम 2004 में एक अहम संशोधन करते हुए नई खदानों को खोलने की प्रक्रिया को सरल बना दिया है। इस नियम की संहिता 9 को संशोधित किया गया है। साफ है, नए संयंत्र खोलने की बाधा को दूर कर दिया है।

वर्ष 2015 में जारी की गई अधिसूचना के बाद सरकारी क्षेत्र की एनटीपीसी एकमात्र ऐसी कंपनी है, जिसने अपने संयंत्रों में एफजीडी लगाने का काम किया है। इसके बाद से परिणाम बेहद सकारात्मक रहे है। एसओ-2 उत्सर्जन में कमी पाई गई है। एनटीपीसी ने जिन 20,000 मेगावाट क्षमता में एफजीडी को लगाया है, वहां औसतन 70 प्रतिशत तक एसओ-2 उत्सर्जन में कमी आई है, जबकि निजी कंपनियों ने इसे पूरी तरह अनदेखा किया हुआ है। इन कंपनियों में रिलाइंस, टाटा पावर, अडानी और टोरेंट पावर शामिल हैं। इन कंपनियों ने तर्क दिया है कि एफजीडी लगाने में करीब डेढ़ लाख करोड़ का खर्च संभव है। अतएव एफजीडी को स्थापित किया जाता है तो बिजली महंगी होगी, जिसका भार उपभोक्ता को उठाना होगा। महंगी बिजली का भार उपभोक्ता पर पड़े यह केंद्र सरकार भी नहीं चाहती, क्योंकि इससे बड़ी संख्या में मतदाता प्रभावित हो सकते हैं? इसलिए सरकार ने सांप भी मर जाए और लाठी भी न टूटे। इस फार्मूले को अमल में लाकर कंपनियों को राहत देने के लक्ष्य से जुलाई 2025 में बदले नियम के अनुसार तय कर दिया कि जो संयंत्र घनी आबादी या प्रदूषित क्षेत्र से 10 किमी दूर है, उन सभी ताप विद्युत संयंत्रों को एफजीडी लगाने की जरूरत नहीं है। यानी एक बड़ी अड़चन को दूरी के बहाने दूर कर दिया। भारत में बढ़ते शहरीकरण के चलते ऊर्जा, स्टील और सीमेंट उद्योगों की मांग बढ़ती जाने के कारण, उसी अनुपात में कोयले की जरूरत भी बढ़ती जा रही है। साल 2024-25 में



बिजली उत्पादन हेतु कोयले की मांग 94 करोड़ टन पर पहुंच गई थी। एक अनुमान के मुताबिक भारत के ताप विद्युत संयंत्रों में कोयले की मांग 3-4 प्रतिशत की दर से अगले पांच सालों तक बढ़ती दिखाई देगी। हालांकि नवीकरणीय ऊर्जा स्त्रोतों के बढ़ते उपयोग से कोयले से उत्सर्जित बिजली उत्पादन में हिस्सेदारी 2025 की तुलना में 70 प्रतिशत से घटकर 2030 तक 60 प्रतिशत रहने की संभावना है। भारत में सौर्य ऊर्जा का उत्पादन उम्मीद से कहीं अधिक बढ़ रहा है, क्योंकि घरों में सौर्य ऊर्जा संयंत्र स्थापित करने में उपभोक्ता की सीधी भागीदारी सुनिश्चित हो गई है। दरअसल, ब्रिटेन में हुई पहली औद्योगिक क्रांति में कोयले का महत्वपूर्ण योगदान रहा है। 1500 ईसवीं में बड़ी मात्रा में कोयले के उत्खनन की शुरूआत हुई थी। इसके बाद जिन देशों में भी कारखाने लगे, उनमें लकड़ी और कोयले का प्रयोग लंबे समय तक होता रहा। दुनिया की रेलें भी कोयले से ही लंबे समय तक चलती रही हैं। भोजन पकाने, ठंड से बचने और उजाले के उपाय भी लकड़ी जलाकर किए जाते रहे हैं। धुएं के बड़ी मात्रा में उत्सर्जन और धरती के तापमान में वृद्धि की शुरूआत औद्योगिक क्रांति की बुनियाद रखने के साथ ही आरंभ हो गई थी। इसके बाद जब इन दुष्प्रभावों का अनुभव पर्यावरणविदों ने किया तो 14 जून 1992 में रियो डी जनेरियो में पहला अंतरराष्ट्रीय पृथ्वी संयुक्त राष्ट्र सम्मेलन संपन्न हुआ। इस सम्मेलन के परिणामस्वरूप जापान के क्योटो शहर में 16 फरवरी 2005 को पृथ्वी के बढ़ते तापमान के जरिए जलवायु परिवर्तन को रोकने के लिए क्योटो प्रोटोकॉल अंतरराष्ट्रीय संधि अस्तित्व में आई। इस संधि में शामिल देशों ने ग्रीन हाउस अर्थात मानव उत्सर्जित गैसों को कम करने के लिए प्रतिबद्धता जताई। दुनिया के वैज्ञानियों ने एकमत होकर कहा कि मानव निर्मित गैस सीओ-2 के उत्सर्जन से धरती का तापमान बढ़ रहा है, जो जीवाश्म ईंधन का पर्याय है। 192 देशों ने इस संधि पर हस्ताक्षर किए हुए हैं। बावजूद अभी तक इसके सार्थक परिणाम सामने नहीं आए है। रूस-यूक्रेन और इजराइल-हमास के बीच चले युद्धों ने भी इस संकट को बढ़ाने का काम किया है।

नवंबर 2021 में ग्लासगो में हुए वैश्विक सम्मेलन में तय हुआ था कि 2030 तक विकसित देश और 2040 तक विकासशील देश ऊर्जा उत्पादन में कोयले का प्रयोग बंद कर देंगे। यानी 2040 के बाद थर्मल पावर अर्थात ताप विद्युत संयंत्रों में कोयले से बिजली का उत्पादन पूरी तरह बंद हो जाएगा। तब भारत-चीन ने पूरी तरह कोयले पर बिजली उत्पादन पर असहमति जताई थी, लेकिन 40 देशों ने कोयले से पल्ला झाड़ लेने का भरोसा दिया था। 20 देशों ने विश्वास जताया था कि 2022 के अंत तक कोयले से बिजली बनाने वाले संयंत्रों को बंद कर दिए जाएंगे। परंतु ऐसा कुछ हुआ नहीं। इन बदलते हालातों में हमें जिंदा रहना है तो जिंदगी जीने की शैली को भी बदलना होगा। हर हाल में ग्रीन हाउस गैसों के उत्सर्जन में कटौती करनी होगी। यदि तापमान में वृद्धि को पूर्व औद्योगिक काल के स्तर से 1.5 डिग्री सेल्सियस तक सीमित करना है तो कार्बन उत्सर्जन में 43 प्रतिशत कमी लानी होगी। आईपीसीसी ने 1850-1900 की अवधि को पूर्व औद्योगिक वर्ष के रूप में रेखांकित किया हुआ है। इसे ही बढ़ते औसत वैश्विक तापमान की तुलना के आधार के रूप में लिया जाता है। गोया, कार्बन उत्सर्जन की दर नहीं घटी और तापमान में 1.5 डिग्री से ऊपर चला जाता है तो असमय अकाल, सूखा, बाढ़ और जंगल में आग की घटनाओं का सामना निरंतर करते रहना पड़ेगा। समुद्र और अंतरिक्ष का तापमान भी इससे बढ़ेगा। विनाशकारी परमाणु हथियारों का प्रयोग और उपग्रहों को अंतरिक्ष में प्रक्षेपित करने की प्रक्रिया भी खगोलीय तापमान बढ़ाने का काम कर रही है।

---

नमन — विशाल तिवारी



# एक अंग्रेज जो हमेशा भारत का बन कर रह गया

भारत के सबसे प्रिय और सम्मानित विदेशी पत्रकारों में से एक सर मार्क टली का 90 वर्ष की आयु में निधन हो गया। उनका जाना न केवल बीबीसी के लिए, बल्कि पूरे भारत के लिए एक युग का अंत है। जैसे कोई पितामह विदा हो गया हो, जिसकी आवाज दशकों तक लाखों भारतीयों के कानों में गूंजती रही। टली का जीवन भारत से इतना गहराई से जुड़ा था कि वे एक अंग्रेज होते हुए भी भारत का बनकर रह गए। 24 अक्टूबर 1935 को कोलकाता (तब कलकत्ता) में जन्मे, उनका बचपन ब्रिटिश परिवार की छत्रछाया में बीता, लेकिन भारत की मिट्टी ने उन्हें हमेशा खींचा। द्वितीय विश्वयुद्ध के दौरान दार्जिलिंग में पढ़ाई, फिर ब्रिटेन में बोर्डिंग स्कूल और कैम्ब्रिज में धर्मशास्त्र की पढ़ाई वे पादरी बनना चाहते थे, लेकिन नियति ने उन्हें पत्रकारिता की ओर मोड़ा। 1964 में बीबीसी में शामिल होने के बाद 1965 में वे भारत लौट आए और यहीं बस गए। बीबीसी के भारत ब्यूरो चीफ के रूप में उन्होंने ऑपरेशन ब्लू स्टार, इंदिरा गांधी की हत्या, बाबरी मस्जिद विध्वंस, आपातकाल जैसी ऐतिहासिक घटनाओं को कवर किया।

आपातकाल में उन्हें भारत से निकाला गया, लेकिन वे वापस लौटे। उनकी आवाज वो शांत, संतुलित, विनम्र अंग्रेजी बीबीसी हिंदी सेवा और वर्ल्ड सर्विस के माध्यम से गांव-गांव तक पहुंची। लोग सरकारी रेडियो पर भरोसा न करने के दौर में बीबीसी को सत्य की आवाज़ मानते थे, और उस आवाज में मार्क टली थे। विनम्रता उनकी सबसे बड़ी खासियत थी। वे कहते थे, मुझे तो ज्यादा मालूम नहीं, आप बताइए...। भले ही विषय पर उनकी पकड़ गहरी हो। झारखंड के संतालों-मुंडाओं से लेकर केरल के आदिवासियों तक, उत्तर प्रदेश के निषादों से बिहार के मुसहरों तक भारत की विविधता को वे बराबर समझते थे। उनकी किताब 'नो फुल स्टॉप इन इंडिया' हर उस व्यक्ति के लिए जरूरी है जो भारत को समझना चाहता है। इसमें वे एक ब्रिटिश अर्थशास्त्री के हवाले से लिखते हैं: भारत के बारे में जो सही कहा जा सकता है, उसका विपरीत भी सत्य है। यही उनकी समझ की गहराई थी – वे भारत को जटिल, विरोधाभासी लेकिन खूबसूरत मानते थे। भारत सरकार ने उन्हें 1992 में पद्म श्री और 2005 में पद्म भूषण से सम्मानित किया। 2002 में ब्रिटेन की महारानी ने उन्हें नाइट की उपाधि दी। हिंदी पाठकों के लिए विशेष रूप से महत्वपूर्ण है कि उनकी कुछ रचनाएं हिंदी में भी उपलब्ध हैं। राजकमल प्रकाशन से प्रकाशित उनकी प्रमुख किताब 'धीमी वाली फास्ट पैसेंजर' है, जो उनकी अंग्रेजी किताब 'अपकंट्री टेल्स' का हिंदी अनुवाद है। प्रभात सिंह द्वारा अनूदित यह कहानी संग्रह 2023 में प्रकाशित हुआ और पूर्वांचल की कस्बाई जिंदगी, छोटे शहरों की कहानियों और भारतीय समाज की बारीकियों को मार्मिक ढंग से उकेरता है। यह उनकी दूसरी कथाकृति है, जो पचास से अधिक वर्षों के भारतीय अनुभव से निकली। भारतीयों से अधिक भारत की समझ रखने वाले वे बीबीसी की पहचान थे। जैसे वकीलों के लिए राम जेठमलानी, उद्यमियों में टाटा, वैसे पत्रकारों में मार्क टली उपमा दी जाती थी। बीबीसी का वह बेबाक स्वर थे, जो भारत की धमनियों में दशकों तक गूंजता रहा। बचपन की वे रातें याद हैं, जब रेडियो पर उनका नाम आता तो घर में सन्नाटा छा जाता। पत्रकारिता सत्य की आग है, तपाती है जलाती है, लेकिन मार्क टली ने इसे कभी हथियार नहीं बनने दिया। 1964 में वे भारत आए एक परदेसी बनकर। जल्दी ही अपने हो गए। बीबीसी दिल्ली प्रमुख बनकर उन्होंने अंधेरे में दीया जलाया। इमरजेंसी के काले दिनों में प्रेस पर ताले लगे, लेकिन टली की आवाज़ लंदन से भारत पहुंचती रही। वह निर्भीकता नहीं, नैतिक विद्रोह था। सोचिए, एक अंग्रेज जो आजादी के बाद के घावों को इतनी गहराई से देखे कि अपनी संस्था के खिलाफ भी खड़ा हो जाए। आज की पत्रकारिता में ऐसा कौन है? सोशल मीडिया की चमक में सब खो गए हैं। टली की पत्रकारिता में जनता की संवेदना थी। नक्सल गलियों में घूमे जहां इंतजामिया का पैर नहीं पहुंचता।

---

## सबके मूल में वही एक भगवान



संकलित

दर्शन

एक समय की बात है उद्दालक नाम के एक महान ऋषि थे। उनका 12 साल का एक बेटा था, श्वेतकेतु। श्वेतकेतु अपना ज़्यादातर समय दोस्तों के साथ खेलने और मस्ती करने में बिताता था। उसके पिताजी को उसकी शिक्षा की बहुत चिंता थी इसलिए उन्होंने श्वेतकेतु को एक अच्छे और योग्य गुरु के पास शिक्षा लेने के लिए भेज दिया। कुछ समय पश्चात श्वेतकेतु अपनी शिक्षा पूरी करके अपने घर वापस लौट आया। उसके पिताजी को यह महसूस हुआ कि श्वेतकेतु को अपने ज्ञान का बहुत घमंड हो गया है। वह जानते थे कि इतना अहंकार उसके लिए ठीक नहीं है, यह उसे जीवन के सच तक नहीं पहुँचने देगा। उसे समझाने के लिए एक दिन उन्होंने ने उसे अपने पास बुलाया और पूछा, "बेटा, क्या तुम्हें वह ज्ञान मिला है जिससे न सुनाई देने वाला भी सुनाई दे, न सोचे जाने वाला भी सोचा जाए और जिसे नहीं जाना जा सकता उसे भी जाना जा सके।" श्वेतकेतु के पास अपने पिताजी के इन सवालों का जवाब नहीं था। उसके पिताजी ने उसे समझाते हुए कहा, "इस मिट्टी को देखो, जब कुम्हार इससे घड़ा बनाता है तो इसका रूप और आकार बदल जाता है पर असल में वो घड़ा होता तो मिट्टी ही है। इसी तरह इस संसार की सारी चीजे उसी एक भगवान के अलग-अलग रूप, रंग और आकार हैं। सबके मूल में वही एक भगवान हैं। जिस तरह मिट्टी के बिना घड़ा नहीं हो सकता उसी तरह भगवान के बिना ना तो यह संसार हो सकता है और ना ही इस संसार की कोई चीज। तुम भी भगवान का ही एक रूप हो, श्वेतकेतु।

## लोग दोहराव से थक जाते हैं



संकलित

प्रेरणा

कुछ लोग विशेष लक्ष्य के लिए नहीं, बल्कि जिज्ञासा पाने के लिए काम करते हैं। इन विषयों की खोज में यानि अनुभव की तलाश में, उन्हें हमेशा नई जानकारी प्राप्त करने में खुशी मिलती है। इस तरह की खोज सिर्फ मनुष्य मे ही नहीं, जानवर में भी होता है। लोग दोहराव से थक जाते हैं और नई जानकारी चाहते हैं। यह ज़्यादा से ज़्यादा बच्चों में दिखाई पड़ता है। यह उनके व्यवहार और अभिव्यक्ति जैसे मुस्कुराहट और बड़बड़ाहट के माध्यम से दिखाया जाता है। उनके मकसद पूरा न होने पर वे परेशान हो जाते हैं। इसलिए हम हमेशा रोमांनचिक अनुभवों की खोज मे लगे रहते हैं। कुछ लोग विशेष लक्ष्य के लिए नहीं, बल्कि जिज्ञासा पाने के लिए काम करते है। इन विषयों की खोज में यानि अनुभव की तलाश में, नई जानकारी प्राप्त करने में खुशी मिलता है। इस तरह की खोज सिर्फ मनुष्य मे ही नहीं, जानवर मे भी होता है। लोग दोहराव से थक जाते हैं और नई जानकारी चाहते हैं। यह ज़्यादा से ज़्यादा बच्चों में दिखाई पड़ता है। यह उनके व्यवहार और अभिव्यक्ति जैसे मुस्कुराहट और बडबडाहट के माध्यम से दिखाया जाता है। उनके मकसद पूरा न होने पर वे परेशान हो जाते हैं। इसलिए लोगों का स्वभाव है कि वे हमेशा नई और रोमान्चिक अनुभवों की खोज में लगे रहते हैं।

## सारा संसार



**वृन्दावन**, भारत के उत्तर प्रदेश राज्य के मथुरा जिले में स्थित एक महत्वपूर्ण धार्मिक व ऐतिहासिक नगर है। वृन्दावन भगवान श्रीकृष्ण की लीला से जुडा हुआ है। यह स्थान श्री कृष्ण की कुछ अलौकिक बाल लीलाओं का केन्द्र माना जाता है। यहां विशाल संख्या में श्री कृष्ण और राधा रानी के मन्दिर हैं। बांके विहारी जी का मंदिर, श्री गरुड़ गोविंद जी का मंदिर व राधावल्लभ लाल जी का, ठा.श्री पर्यावरण बिहारी जी का मंदिर बड़े प्राचीन हैं।

## आज की पाती

### बढ़ता प्रदूषण खतरनाक

देश में लगातार बढ़ता जा रहा प्रदूषण बेहद खतरनाक है। इसके कारण लोगों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। यह हमारे पर्यावरण, स्वास्थ्य, और जीवन को खतरे में डाल रहा है। बढ़ते प्रदूषण के कारण हमें कई समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है, जैसे कि वायु प्रदूषण, जल प्रदूषण, और ध्वनि प्रदूषण। वायु प्रदूषण के कारण हमें श्वसन संबंधी समस्याएं हो रही हैं, और यह हमारे फेफड़ों को नुकसान पहुंचा रहा है। जल प्रदूषण के कारण हमारे जल स्रोत दूषित हो रहे हैं और यह हमारे स्वास्थ्य को खतरे में डाल रहा है। ध्वनि प्रदूषण के कारण हमें तनाव, नींद की कमी, और अन्य स्वास्थ्य समस्याएं हो रही हैं। सरकार से अनुरोध है कि इस समस्या से निजात दिलवाएं। *-युग धनखड़, रोहतक*

## X ट्रेंड f

### सेना की ताकत



यह गणतंत्र दिवस हम सभी को एकता को मजबूत करने, समावेशिता को बढ़ावा देने और हमारे प्यारे गणतंत्र की प्रगति और समृद्धि के लिए अटूट प्रतिबद्धता के साथ काम करने के लिए प्रेरित करे। हमारी सेना का शौर्य और ताकत आज पूरी दुनिया देख रही है।

- सी पी राधाकृष्णन, उपराष्ट्रपति

### प्रतिबद्धता दोहराने का दिन



हम भारतीय अत्यंत प्रसन्न है, क्योंकि हम अपने गौरवशाली गणराज्य के नागरिक के रूप में गर्व के साथ रह रहे हैं। आज का दिन राष्ट्रध्वज, संवैधानिक मूल्यों और देश के प्राचीन एवं शाश्वत आध्यात्मिक सार की निरंतर रक्षा एवं संवर्धन की हमारी प्रतिबद्धता को दोहराने का दिन है।

-दत्तात्रेय होसबाले, आरएसएस के सरकार्यवाह

### दूरदर्शी प्रशासक बिंद्रा



आईएस बिंद्रा दूरदर्शी प्रशासक थे, जिनके नेतृत्व ने विश्व क्रिकेट में भारत की भूमिका को फिर से परिभाषित करने में मदद की। उनके कारण ही आज भी खिलाड़ियों, प्रशासकों और स्वयं खेल की सेवा कर रहे हैं।

- मिथुन मन्हास, बीसीसीआई अध्यक्ष

### ख्वाबों से भी ऊपर सम्मान



मैं पद्मश्री को गहरी कृतज्ञता और विनम्रता के साथ स्वीकार करता हूँ। यह सम्मान मेरे सबसे ऊंचे ख्वाबों से भी ऊपर है। यह सम्मान केवल मेरे मार्गदर्शकों के आशीर्वाद, शुभचिंतकों की शुभकामनाओं और जनता के प्यार और प्रोत्साहन के कारण मिला है।

- आर. माधवन, अभिनेता

## करंट अफेयर

# कटरा और श्रीनगर के बीच विशेष आरक्षित ट्रेनें चलेंगी

हाल ही में हुई भारी बर्फबारी से सड़क और हवाई यातायात बाधित होने के कारण, उत्तरी रेलवे के जम्मू मंडल ने फंसे हुए यात्रियों को राहत प्रदान करने के लिए अगले सप्ताह एसएमवीडी कटरा से श्रीनगर के बीच विशेष आरक्षित ट्रेनें चलाने का निर्णय लिया है। अधिकारियों ने बताया कि 27 और 28 जनवरी को श्री माता वैष्णो देवी (एसएमवीडी) कटरा और श्रीनगर के बीच विशेष आरक्षित ट्रेन चलाने का निर्णय मंडल रेल प्रबंधक (जम्मू) विवेक कुमार के निर्देशों के तहत लिया गया। उन्होंने बताया कि यात्रियों की सुविधा और 27 और 28 जनवरी को वंदे भारत ट्रेनों के न चलने को ध्यान में रखते हुए विशेष ट्रेनों के संचालन की योजना बनाई गई।



## ऑफ बीट

# पंचकर्म व पारंपरिक उपचार की चाह में गोवा आ रहे विदेशी पर्यटक

पंचकर्म जैसे आयुर्वेद आधारित उपचार पारंपरिक चिकित्सा पद्धतियां आजमाने के इच्छुक विदेशी पर्यटकों के लिए भारत की यात्रा को साधारण छुट्टियों से कहीं आगे कायाकल्प एवं आरोग्य हासिल करने के अवसर में तब्दील कर रहे हैं, और गोवा स्थित अखिल भारतीय आयुर्वेद संस्थान (एआईआईए) इस मामले में एक अग्रणी केंद्र के रूप में उभर रहा है। एआईआईए में उपलब्ध सबसे लोकप्रिय पारंपरिक उपचार पद्धतियों में पंचकर्म शामिल है, जो संस्थान के चिकित्सकों की मानें तो जटिल बीमारियों में भी आशाजनक परिणाम दिखा रहा है। रूस की 63 वर्षीय नतालिया उन विदेशी पर्यटकों में शामिल हैं,



## संक्षेप

### व्यापार मंडल ने वित्त मंत्री को संबोधित ज्ञापन डीएम को सौंपा

**केंद्रीय बजट 2026-27 में कई मांगें पूरी करने की अपील**

अमेठी, उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल के जिला अध्यक्ष महेश सोनी ने आज केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण को संबोधित एक ज्ञापन जिलाधिकारी को सौंपा। यह ज्ञापन केंद्रीय बजट 2026-27 में उद्योग और व्यापार जगत को राहत प्रदान करने की मांग को लेकर दिया गया है। यह कार्रवाई प्रदेश अध्यक्ष के निर्देश पर की गई। ज्ञापन में कहा गया है कि स्वतंत्रता के बाद से उद्योग एवं व्यापार वर्ग देश की अर्थव्यवस्था को सशक्त बनाने, रोजगार सृजन करने और सरकार के राजस्व में महत्वपूर्ण योगदान दे रहा है। हालांकि, वर्तमान में बढ़ती महंगाई, ऊंची ब्याज दरें, जटिल नियम-कानून और साइबर अपराध जैसी समस्याओं के कारण व्यापारी एवं उद्यमी गंभीर संकट का सामना कर रहे हैं। व्यापारियों ने मांग की है कि उद्योग एवं व्यापार के लिए दिए जा रहे बैंक ऋणों की वर्तमान ऊंची ब्याज दरों में कटौती की जाए। इसके अतिरिक्त, ऋण जमा न करने पर खाते को एनपीए (गैर-निष्पादित परिसंपत्ति) घोषित करने की वर्तमान तीन महीने की समय सीमा को बढ़ाकर छह महीने किया जाए। ज्ञापन में यह भी बताया गया है कि औद्योगिक एवं व्यावसायिक गतिविधियां, जो आवासीय योजना क्षेत्रों में पिछले कई वर्षों से जीएसटी पंजीकरण, कमर्शियल विद्युत कनेक्शन और अन्य वैधानिक लाइसेंस प्राप्त कर विधिवत रूप से संचालित हैं, उन्हें नगर निगम, विकास प्राधिकरण और अन्य विभागों द्वारा सील करने या ध्वस्तीकरण की कार्रवाई का सामना करना पड़ रहा है। व्यापारियों ने इस कार्रवाई को अन्यायपूर्ण बताया है और इसे रोकने की मांग की है। व्यापार मंडल का कहना है कि ये मांगें देश के करोड़ों व्यापारियों एवं उद्योगों के अस्तित्व, सम्मान और आर्थिक सुरक्षा से जुड़ी हैं। यदि इन प्रस्तावों को केंद्रीय बजट 2026-27 में शामिल किया जाता है, तो इससे न केवल व्यापार जगत को राहत मिलेगी, बल्कि देश की अर्थव्यवस्था को भी नई गति प्राप्त होगी।

### पूर्व एमएलसी दीपक सिंह शंकराचार्य की सुरक्षा में

**150 समर्थकों संग अमेठी से प्रयागराज जाएंगे, 3 पालियों में संभालेंगे जिम्मेदारी**

अमेठी, पूर्व एमएलसी दीपक सिंह 28 जनवरी को 150 समर्थकों के साथ शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद की सुरक्षा के लिए अमेठी से प्रयागराज जाएंगे। यह निर्णय प्रयागराज माघ मेले में शंकराचार्य से जुड़ी हालिया घटनाओं के बाद उनकी सुरक्षा चिंताओं को देखते हुए लिया गया है।दीपक सिंह ने शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद से फोन पर बातचीत की और पूरे घटनाक्रम पर चर्चा की। इस बातचीत का एक वीडियो भी सोशल मीडिया पर सामने आया है। शंकराचार्य ने दीपक सिंह को बताया कि वह ₹सुंदर्शन चक्रधारी के भरोसे सरकारी अन्याय के विरुद्ध संघर्ष कर रहे हैं। बातचीत के दौरान, शंकराचार्य ने दीपक सिंह द्वारा पहले भेजे गए पत्र में व्यक्त की गई चिंताओं को स्वीकार किया। सहमति बनी कि 150 समर्थक शंकराचार्य के साथ रहेंगे।

# कैसरगंज में हुआ विराट हिन्दू सम्मेलन एवं सहभोज का भव्य आयोजन

## स्वान्त रंजन जी ने हिन्दू समाज की एकता, स्वाभिमान और संगठन पर दिया बल

**पदयात्रा में उमड़ा जनसैलाब, बड़ी संख्या में लोगों की रही सहभागिता**

अमन लेखनी समाचार/ फैजान



कैसरगंज, बहराइच। कैसरगंज क्षेत्र के बरखुरद्वारापुर स्थित एस.आर. मैरिज हॉल में गुरुवार को विराट हिन्दू सम्मेलन एवं सहभोज का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आयोजन हिन्दू सम्मेलन समिति, कैसरगंज द्वारा किया गया, जिसमें क्षेत्र के विभिन्न वर्गों के लोगों ने बड़ी संख्या में सहभागिता की। सम्मेलन से पूर्व बरखुरद्वारापुर क्षेत्र में हिन्दू एकता का संदेश देने हेतु पदयात्रा निकाली गई। पदयात्रा में क्षेत्र के गणमान्य नागरिकों सहित बड़ी संख्या में लोगों ने भाग लिया। आयोजन शांतिपूर्ण, अनुशासित एवं सुव्यवस्थित ढंग से संपन्न हुआ।सम्मेलन के मुख्य वक्ता आदरणीय स्वान्त रंजन जी (अखिल भारतीय प्रचारक प्रमुख, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ) रहे। अपने ओजस्वी संबोधन में उन्होंने हिन्दू समाज की एकता, आपसी प्रेम, सहयोग, सांस्कृतिक चेतना एवं स्वाभिमान पर विशेष रूप से प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि समाज की वास्तविक शक्ति संगठन, संस्कार और समन्वय में निहित है। स्वान्त रंजन जी ने युवाओं का आह्वान करते हुए कहा कि वे राष्ट्र एवं समाज निर्माण में सक्रिय भूमिका निभाएं तथा अपनी सांस्कृतिक पहचान को सशक्त बनाते हुए राष्ट्रहित में कार्य करें। उनका संबोधन उपस्थित जनसमूह के लिए प्रेरणास्रोत रहा। सम्मेलन के उपरांत सहभोज कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें सभी वर्गों के लोगों ने सहभागिता की। कार्यक्रम स्थल पर नुशासन, सामाजिक समरसता एवं सौहार्द का वातावरण देखने को मिला। आयोजन की सफलता में युवाओं ने सक्रिय भूमिका निभाई। कार्यक्रम की व्यवस्थाओं एवं जनसहभागिता को सशक्त बनाने में ब्लॉक प्रमुख संदीप सिंह विसेन, डॉ अरविन्द सिंह,वीरेश सिंह का विशेष योगदान रहा। कार्यक्रम के अंत में आयोजकों द्वारा आए हुए अतिथियों एवं सहभागियों के प्रति आभार व्यक्त किया गया। स्थानीय लोगों ने ऐसे आयोजनों को समाज को जोड़ने वाला बताते हुए भविष्य में भी इस प्रकार के कार्यक्रमों की आवश्यकता पर बल दिया। इस अवसर क्षेत्र के अनेक गणमान्य नागरिक एवं बड़ी संख्या में लोग उपस्थित रहे।

# हिंदू समाज एकजुट होकर करे सनातन संस्कृति की रक्षा: महन्त वीरेंद्र गिरी

## मिहींपुरवा में आयोजित हुआ विराट हिन्दू सम्मेलन कार्यक्रम

अमन लेखनी समाचार

मिथिलेश जायसवाल



मोतीपुर, बहराइच।हिंदू समाज के लोग एकजुट होकर सनातन संस्कृति की रक्षा करते हुए अपने बच्चों में सनातन संस्कार व सनातन संस्कृति का ज्ञान दे जिससे आने वाली नई पीढ़ी संस्कारवान हो। उपरोक्त बातें हिंदू सम्मेलन में मुख्य अतिथि व मुख्य वक्ता ने कहीं।नगर पंचायत मिहींपुरवा के रामलीला मैदान में विराट हिन्दू सम्मेलन का भव्य आयोजन किया गया जिसमें बड़ी संख्या में ग्रामीण व सामाजिक कार्यकर्ता शामिल हुए। सम्मेलन के मुख्य अतिथि पूज्य वीरेंद्र गिरी जी महाराज रहे। मुख्य वक्ता के रूप में धर्म जागरण प्रमुख प्रचारक सर्वेश कुमार ने उपस्थित जनसमूह को संबोधित किया।कार्यक्रम की शुरूआत वैदिक मंत्रोच्चार व दीप प्रज्वलन के साथ हुई। अपने उद्बोधन में वीरेंद्र गिरी जी महाराज ने हिन्दू समाज को एकजुट रहने, सनातन संस्कृति की रक्षा करने और युवाओं को संस्कारवान बनाने पर बल दिया। वहीं मुख्य वक्ता सर्वेश कुमार ने कहा कि समाज में समरसता, सेवा और सद्भाव से ही राष्ट्र सशक्त बनता है। उन्होंने लोगों से सामाजिक कुरीतियों को दूर करने और धार्मिक मूल्यों को अपनाने का आह्वान किया। सम्मेलन का आयोजन हिंदू संगठनों की ओर से किया गया। इस मौके पर वाशु मद्धेशिया, जुगल पोरवाल एवं अन्य हिन्दू संगठनों के संयुक्त तत्वावधान में कार्यक्रम सफल हुआ। कार्यक्रम में संघ के पदाधिकारी बाबूलाल शर्मा व ब्लाक प्रमुख अभिषेक सौरभ वर्मा उपस्थित रहे। कार्यक्रम में क्षेत्र के कई सामाजिक व धार्मिक संगठनों के प्रतिनिधियों ने भी सहभागिता की। कार्यक्रम के समापन पर सभी आगंतुकों के लिए समरसता भोज का आयोजन किया गया जिसमें सभी ने एक साथ बैठकर भोजन कर सामाजिक एकता का संदेश दिया।

# दो बाइक आपस मे टकराई, एक की मौत



अमन लेखनी समाचार

फखरपुर, बहराइच।थाना फखरपुर के कुंडासर चौकी क्षेत्र के राष्ट्रीय मार्ग झिंगरी पुल के पास दो बाइको के आमने सामने भिड़ंत में महिला समेत तीन लोग गम्भीर जख्मी हो गए। प्राप्त जानकारी के अनुसार मंझारा तौकली गौड़ाहिया थाना कैसरगंज निवासी गुड्डू यादव व इनकी पत्नी गजाधरपुर कलश यात्रा में आए थे। वापसी में जाते समय सामने से झिंगरी पुल के पास दूसरी तरफ से आ रहे बेदौरा निवासी शकील पुत्र रमजान की बाइक आपस में टकराने से तीनों बाइक सवार गम्भीर जख्मी हो गए। मौके पर पहुँची फखरपुर पुलिस व स्थानीय लोगो ने घ्यलो को फखरपुर सीएचसी पहुचाया जहां से जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया जिसमे बैदौरा निवासी सकील की मौत हो गई दूसरे बाइक चालक की हालत गम्भीर बताई जा रही।

# रिश्तेदार पर दुष्कर्म, ब्लैकमेलिंग का आरोप

## शादी से इनकार कर वीडियो वायरल करने की धमकी दी

**भेड़िए के हमले की आशंका से दहशत, युवक बाल-बाल बचा**

**वन विभाग अलर्ट, जांच और निगरानी तेज**

अमन लेखनी समाचार



कैसरगंज, बहराइच। कैसरगंज नगर पंचायत क्षेत्र में गुरुवार तड़के एक युवक पर जंगली जानवर के हमले की घटना से हड़कंप मच गया। नगर पंचायत कैसरगंज निवासी दिनेश कुमार पुत्र श्याम लाल लोखड़िया पर सुबह लगभग 4:30 बजे उस समय हमला हुआ, जब वह दनावल स्थित अपने कारखाने पर सो रहे थे। अचानक हुए हमले से युवक की नींद खुल गई और उसने किसी तरह सतर्कता दिखाते हुए मौके से हटकर अपनी जान बचाई। युवक के अनुसार, हमला बेहद तेज था और अगर समय रहते वह नहीं जागता तो बड़ी अनहोनी हो सकती थी। घटना की सूचना मिलते ही मौके पर ग्रामीणों की भीड़ जुट गई। घटनास्थल पर जानवर के पदचिह्न पाए गए हैं, जिससे भेड़िए या किसी अन्य जंगली जानवर के हमले की आशंका जताई जा रही है। इसके बाद पूरे क्षेत्र में दहशत का माहौल है और लोग खासकर रात के समय निकलने से डर रहे हैं। इस संबंध में वन क्षेत्राधिकारी कैसरगंज ओमकारनाथ यादव ने बताया कि एक युवक को किसी जंगली जानवर ने काटा है, लेकिन अभी यह स्पष्ट नहीं हो सका है कि हमला किस जानवर ने किया। वन विभाग द्वारा क्षेत्र में निगरानी बढ़ा दी गई है, साथ ही संभावित हमलावर जानवर की पहचान के लिए पदचिह्नों और आसपास के इलाकों की जांच की जा रही है। वहीं स्थानीय लोगों ने वन विभाग से रात में गश्त बढ़ाने, पिंजरे लगाने और सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम करने की मांग की है, ताकि भविष्य में ऐसी घटनाओं को रोका जा सके। घटना के बाद से क्षेत्र के ग्रामीण भय के साए में हैं और प्रशासन से शीघ्र कार्रवाई की उम्मीद लगाए बैठे हैं।

# शिक्षकों से गाली-गलौज, मारपीट

**स्कूल में घुसकर जान से मारने की दी धमकी, 2 नामजद समेत 4 पर केस दर्ज**

अमन लेखनी समाचार



सुलतानपुर , थाना धनपतगंज क्षेत्र स्थित कम्पोजिट विद्यालय अमऊजासरपुर में शिक्षकों के साथ गाली-गलौज, मारपीट और जान से मारने की धमकी देने का मामला सामने आया है।इस घटना से स्कूल परिसर में भय का माहौल बन गया। स्कूल में तैनात सहायक अध्यापक विमल कुमार मिश्र की तहरीर पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया है।इसमें ध्रुव कुमार शुक्ल पुत्र सुरेन्द्र कुमार शुक्ल और प्रवेश कुमार दूबे पुत्र इन्द्रमणि दूबे, निवासी वरमवीर अमऊजासरपुर सहित दो अज्ञात व्यक्तियों को नामजद किया गया है। आरोप है कि 24 जनवरी को दोपहर करीब 3:20 बजे आरोपित स्कूल परिसर में घुस आए।उन्होंने शिक्षकों के साथ भद्दी गालियां दीं, मारपीट की और रकफ से संबंधित कागजात छीनने का प्रयास कर सरकारी कार्य में बाधा पहुंचाई। यह अभद्रता बच्चों के सामने की गई।तहरीर के अनुसार, इस घटना से पहले दोपहर लगभग 2:40 बजे एक अज्ञात व्यक्ति स्कूल पहुंचा था। उसने मासिक परीक्षा के दौरान शिक्षिका आरती तिवारी सहित स्कूल स्टाफ के साथ बदसलूकी की और धमकी दी थी।इसके कुछ समय बाद ही दोबारा आकर मारपीट की घटना को अंजाम दिया गया। मारपीट के बाद आरोपितों ने प्रधानाध्यापक सहित सभी शिक्षकों को जान से मारने की धमकी भी दी। थाना प्रभारी धर्मेंद्र मिश्र ने बताया कि नामजद आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया है।

# व्यापारियों ने जिलाधिकारी को सौंपा ज्ञापन

## गौरीगंज में बढ़ती महंगाई, ऊंची ब्याज दरों पर की राहत की मांग

अमन लेखनी समाचार




अमेठी , गौरीगंज में उद्योग व्यापार मंडल के जिलाध्यक्ष महेश सोनी ने जिलाधिकारी को एक ज्ञापन सौंपा।इस ज्ञापन में बढ़ती महंगाई, ऊंची ब्याज दरों, जटिल नियमों और साइबर अपराध जैसी समस्याओं के कारण व्यापारियों को हो रही परेशानियों को उजागर किया गया। ज्ञापन में प्रमुख मांगों में से एक यह थी कि उद्योग एवं व्यापार के लिए दिए जा रहे बैंक ऋणों की वर्तमान ऊंची ब्याज दरों में कटौती की जाए।साथ ही, ऋण जमा न करने के कारण खाते को एनपीए (गैर-निष्पादित परिसंपत्ति) घोषित करने की समय सीमा को 3 महीने से बढ़ाकर 6 महीने किया जाए। व्यापारियों ने यह भी बताया कि औद्योगिक एवं व्यावसायिक गतिविधियां, जो आवासीय योजना क्षेत्रों में जीएसटी पंजीकरण, कमर्शियल विद्युत कनेक्शन और अन्य वैध लाइसेंस प्राप्त कर विधिवत रूप से संचालित हैं, उन्हें नगर निगम, विकास प्राधिकरण एवं अन्य विभागों द्वारा सील करने अथवा ध्वस्तीकरण की कार्रवाई की जा रही है, जिसे अन्यायपूर्ण बताया गया। व्यापारियों का कहना है कि ये मांगें देश के करोड़ों व्यापारियों एवं उद्योगों के अस्तित्व, सम्मान एवं आर्थिक सुरक्षा से जुड़ी हैं। उन्होंने सुझाव दिया कि यदि इन प्रस्तावों को केंद्रीय बजट 2026-27 में शामिल किया जाता है, तो इससे न केवल व्यापार जगत को राहत मिलेगी, बल्कि देश की अर्थव्यवस्था को भी नई गति प्राप्त होगी।इसके अतिरिक्त, ज्ञापन में अमेठी के रिजर्व पुलिस लाइन को नवीन पुलिस लाइन में स्थानांतरित करने, अमेठी नगर पंचायत में जर्जर हो चुके शौचालयों का पुनर्निर्माण करने और 99 साल की लीज पर दी हुई नगर पंचायत की दुकानों से ली जा रही मनमाना किराया वसूली पर रोक लगाने की भी मांग की गई।

# एसडीएम कार में बैठी रहीं, बच्चे रोते रहे

## अलीगढ़ में ई-रिक्शा सवार छात्रों को कार ने टक्कर मारी, 4 बच्चे घायल

अमन लेखनी समाचार



अलीगढ़, सुबह एसडीएम की कार ने एक ई-रिक्शा सवार छात्राओं को टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि ई-रिक्शा पलट गया और मौके पर चीख-पुकार मच गई। आसपास के लोग दौड़कर बच्चों को उठाने लगे। हादसे में बच्चों के सिर और हाथ में चोटें आईं। दर्द से बच्चे रोते रहे, लेकिन एसडीएम कार में बैठी रहीं और बाहर नहीं निकली। इसके बाद वह कासगंज के लिए रवाना हो गईं।स्थानीय लोगों ने घायलों को तुरंत अस्पताल पहुंचाया। प्राथमिक इलाज के बाद अधिकांश बच्चों को घर भेज दिया गया। यह घटना घंटाघर चौराहे के पास हुई।

बच्चे दर्द से रोते-कराहते रहे

एसडीएम अंजली गंगवार कासगंज के सहावर में तैनात हैं। ई-रिक्शा चालक वसीम ने बताया- मैं प्रतिदिन अपने ई-रिक्शा से बच्चों को अलीगढ़ पब्लिक स्कूल छोड़ता हूं। सुबह मैं छह बच्चों को लेकर धीरे-धीरे स्कूल जा रहा था। जैसे ही हम घंटाघर चौराहे के पास पहुंचे, तेज रफ्तार एसडीएम की कार ने जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर से ई-रिक्शा पलट गया और कुछ बच्चे इसके चपेट में आ गए। उन्हें चोटें आईं और बच्चे दर्द से रो रहे थे। मौके पर मौजूद लोग दौड़कर पहुंचे और कार को रोक लिया। कार में देखा गया कि रऊट मैडम बैठी थीं। हालांकि बच्चे चोटिल और रो रहे थे, एसडीएम नीचे नहीं उतरीं। लोगों के इकट्ठा होने के बाद कुछ देर के लिए एसडीएम कार से बाहर आईं, लेकिन इसी बीच उनके ड्राइवर ने गाड़ी लेकर वहां से भाग लिया।

### हॉस्पिटल पहुंचे परिजन

इसके बाद स्थानीय लोगों ने घायल छात्रों को इलाज के लिए जिला मलखान सिंह अस्पताल में भर्ती कराया गया। वहीं, सूचना मिलते ही छात्रों के परिजन हॉस्पिटल गए। वहां पर इलाज बाद छात्रों को घर भेज दिया गया।

### थाना प्रभारी बोले- जानकारी कराई जा रही है

थाना प्रभारी सिविल लाइंस विनोद कुमार ने कहा- हमें इस घटना के बारे में कोई जानकारी नहीं है।

# रिश्तेदार पर दुष्कर्म, ब्लैकमेलिंग का आरोप

## शादी से इनकार कर वीडियो वायरल करने की धमकी दी

अमन लेखनी समाचार



सुल्तानपुर , एक महिला ने अपने दूर के रिश्तेदार पर दुष्कर्म और ब्लैकमेलिंग का आरोप लगाया है। महिला ने पुलिस में शिकायत दर्ज कराई है।जिसमें आरोप है कि आरोपी ने शादी का झांसा देकर उससे शारीरिक संबंध बनाए और आपत्तिजनक वीडियो रिकॉर्ड किए। अब वह शादी से इनकार कर वीडियो वायरल करने की धमकी दे रहा है।मामला कूरेभार थाना क्षेत्र का है।पीड़िता के अनुसार, अंबेडकर नगर के फरसा इमिलिया गांव का एक युवक उसका दूर का रिश्तेदार है।युवक कुछ समय पहले उनके घर आता-जाता था, जहां उसने पीड़िता का मोबाइल नंबर लिया। इसके बाद दोनों के बीच बातचीत शुरू हुई और युवक ने पीड़िता से शादी का वादा किया। पीड़िता ने बताया कि लगभग दो महीने पहले युवक उससे मिलने आया।उसने युवती को गांव के बाहर बुलाया, जहां कथित तौर पर उसने जबरन शारीरिक संबंध बनाए।इस दौरान आरोपी ने युवती की आपत्तिजनक तस्वीरें और वीडियो अपने मोबाइल फोन में रिकॉर्ड कर लिया। पीड़िता का आरोप है कि अब आरोपी युवक शादी करने से इनकार कर रहा है।उसने युवती को धमकी दी है कि यदि वह उससे मिलने नहीं आती है, तो वह उसकी आपत्तिजनक तस्वीरें और वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल कर देगा।पीड़िता ने बताया कि युवक के इस कृत्य से वह मानसिक रूप से परेशान है। उसने पुलिस से आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर उचित कानूनी कार्रवाई करने की मांग की है।

# बेल्हा देवी मंदिर में युवतियों से अभद्रता

**पुलिस ने तीन युवकों को किया गिरफ्तार, एक फरार**

अमन लेखनी समाचार




प्रतापगढ़ , मां बेल्हा देवी मंदिर परिसर में युवतियों से अभद्रता और छींटाकशी के मामले में पुलिस ने तीन युवकों को गिरफ्तार किया है। इस घटना को लेकर इलाके में नाराजगी का माहौल है।यह घटना 26 जनवरी 2026 को हुई थी। आरोप है कि मंदिर परिसर में चार युवक सिगरेट पी रहे थे।उन्होंने वहां मौजूद युवतियों पर अभद्र टिप्पणियां कीं और छींटाकशी करने लगे।युवतियों द्वारा विरोध करने पर युवकों ने पहले अपनी गलत पहचान बताई, लेकिन बाद में सही नाम स्वीकार किए।इस दौरान गाली-गलौज और धमकी देने से मौके पर तनाव की स्थिति बन गई।घटना की सूचना मिलने पर कोतवाली नगर पुलिस ने मुकदमा संख्या 053/2026 के तहत धारा 296, 352 और 351(2) में चार नामजद आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज किया।पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर बेल्हा चौराहा के पास से तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार किए गए आरोपियों की पहचान फरहान (20), मोहम्मद जीशान (19) और मोहम्मद सिराज (19) के रूप में हुई है।ये सभी कोतवाली नगर क्षेत्र के निवासी हैं।पुलिस के अनुसार, इस मामले का चौथा आरोपी अभी फरार है और उसकी तलाश जारी है।पुलिस ने कहा है कि मंदिर जैसे धार्मिक स्थल पर ऐसी हरकतें बर्दाश्त नहीं की जाएंगी। आरोपियों के खिलाफ नियमानुसार कानूनी कार्रवाई की जा रही है।

# यूजीसी कानून के विरोध में सवर्ण आर्मी का प्रदर्शन

## कार्यकर्ता कंपनी गार्डन से कलेक्ट्रेट तक जुलूस निकालकर पहुंचे

अमन लेखनी समाचार



प्रतापगढ़ , सवर्ण आर्मी ने यूजीसी के नए कानून के विरोध में जोरदार प्रदर्शन किया। सैकड़ों की संख्या में कार्यकर्ता शहर के कंपनी गार्डन के पास एकत्र हुए और वहां से नारेबाजी करते हुए जिला कलेक्ट्रेट तक जुलूस निकाला। प्रदर्शन के दौरान कार्यकताओं ने केंद्र सरकार के खिलाफ जमकर नारे लगाए। उन्होंने यूजीसी के नए कानून को तत्काल वापस लेने की मांग की।प्रदर्शनकारियों का कहना था कि यह नया कानून समाज में समानता लाने के बजाय जातियों के बीच असमानता पैदा कर रहा है।सवर्ण आर्मी के कार्यकताओं ने आरोप लगाया कि सरकार ₹सबका साथ, सबका विकास₹ की बात करती है, लेकिन ऐसे कानून लागू कर रही है जिससे समाज में भेदभाव बढ़ रहा है। कलेक्ट्रेट परिसर में प्रदर्शन के दौरान माहौल काफी गरमाया रहा। किसी भी अप्रिय घटना से निपटने के लिए प्रशासन ने भारी पुलिस बल तैनात कर रखा था। सवर्ण आर्मी के नेताओं ने चेतावनी दी कि यदि यूजीसी का यह कानून जल्द वापस नहीं लिया गया, तो संगठन प्रदेश स्तर पर बड़ा आंदोलन करने को मजबूर होगा।

## संक्षेप

### श्रीकांत त्यागी ने यूजीसी कानून पर सरकार को घेरा

**बीजेपी पर साधा निशाना, कहा– ये नियम मुद्दों से भटकाने के लिए लाया गया**

बागपत, राष्ट्रवादी नवनिर्माण दल के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्रीकांत त्यागी बागपत पहुंचे। उन्होंने भाजपा सरकार पर जमकर जुबानी हमला बोला और यूजीसी कानून को लेकर निशाना साधा। त्यागी ने आरोप लगाया कि यूजीसी कानून को लागू करके सामाजिक भेदभाव को बढ़ावा दिया जा रहा है। श्रीकांत त्यागी ने कहा कि यूजीसी में एक 'कलेक्टिव कमेटी' बनाई गई है। उनके अनुसार, यह नियम असल मुद्दों से ध्यान भटकाने और किसी भी व्यक्ति को सरकार से सीधा सवाल पूछने से रोकने के लिए लागू किया गया है। त्यागी ने केंद्र और प्रदेश सरकार पर 'झोल, जुर्म, अत्याचार, धार्मिक अनुवाद और जातीय भेदभाव' को षड्यंत्र के तहत फैलाने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि ये सभी कार्य असल मुद्दों से ध्यान भटकाने के लिए किए जा रहे हैं। उन्होंने आगे कहा कि बीजेपी 'हिंदू' शब्द का इस्तेमाल कर 'हिंदू राष्ट्र' बनाने की बात करती है, लेकिन वास्तव में वे देश के आंतरिक विभाजन की तैयारी कर रहे हैं। त्यागी ने आरोप लगाया कि आरएसएस अंग्रेजों की सिखाई गई पद्धति पर चलती है, जिससे देश में विभाजन हो रहा है। त्यागी ने दावा किया कि यूजीसी का नियम लाकर बीजेपी ने सवर्ण समाज को खो दिया है। उन्होंने कहा कि इससे उन लोगों के 'चश्मे उतर गए' हैं जो हिंदुत्व का चश्मा लगाए हुए थे, और अब सब लोग जागरूक हो गए हैं। अलंकार अग्निहोत्री को 'पागल पंडित' कहने के मामले पर प्रतिक्रिया देते हुए त्यागी ने कहा कि जब-जब पंडित 'पागल' होता है, तब-तब क्रांति आती है। त्यागी ने घोषणा की कि 2027 का चुनाव पूरी तैयारी के साथ लड़ा जाएगा और बीजेपी का प्रदेश से 'सुपड़ा साफ' होगा। शंकराचार्य अविमुक्तेश्वरानंद पर पूछे गए सवाल पर उन्होंने कहा कि सनातन धर्म को मानने वाले और उनका सम्मान करने वाले लोगों को बीजेपी को वोट देने से बचना चाहिए।

### नीट की तैयारी कर रही छात्रा की हार्टअटैक से मौत

**चिकित्सक की बेटी की पढ़ाई के दौरान तबीयत बिगड़ी, मौके पर दम तोड़ा**

बागपत, खेकड़ा कस्बे के मोहल्ला रामपुर में नीट परीक्षा की तैयारी कर रही छात्रा सिमरन(13) की हार्ट अटैक से मौत हो गई। घटना उस समय हुई जब वह अपने कमरे में पढ़ाई कर रही थीं। अचानक तबीयत बिगड़ने पर उन्हें दिल का दौरा पड़ा और उनकी मौके पर ही मौत हो गई। सिमरन, कस्बे में स्थित एक नर्सिंग होम की संचालक चिकित्सक डॉ. सुरिंदर कौर शर्मा की बेटी थीं। सोमवार देर रात जब सिमरन का भाई राघव उनके कमरे में गया तो उसने सिमरन को बेड के नीचे अचेत अवस्था में पड़ा पाया। शोर मचाने पर मां डॉ. सुरिंदर कौर शर्मा मौके पर पहुंचीं, जहां उन्होंने देखा कि सिमरन पसीने से भीगी हुई थीं और उनकी मृत्यु हो चुकी थी। परिजनों ने पोस्टमार्टम नहीं कराया। बताया गया कि सिमरन ने पिछले वर्ष 12वीं की परीक्षा उत्तीर्ण की थी और एमबीबीएस में प्रवेश के लिए नीट की तैयारी कर रही थीं। उनकी असमय मौत से परिवार में कोहराम मच गया है और क्षेत्र में शोक का माहौल है। इस घटना पर दिल्ली रोड स्थित आस्था नर्सिंग होम के वरिष्ठ चिकित्सक डॉ. अनिल जैन ने चिंता जताई है। उन्होंने बताया कि पहले 40 वर्ष से कम उम्र के लोगों में हार्ट अटैक के मामले कम देखने को मिलते थे।

# सड़क सुरक्षा नियम को लेकर जिलाधिकारी ने की बैठक

**बिना फिटनेस के स्कूली वाहनों पर होगी कार्यवाही**

अमन लेखनी समाचार



फतेहपुर,जनपद के कलेक्ट्रेट महात्मा गांधी सभागार में सड़क सुरक्षा को लेकर परिवहन हेतु बैठक संपन्न हुई बैठक की अध्यक्षता जिलाधिकारी रवींद्र सिंह द्वारा की गई अध्यक्षता कर रहे जिलाधिकारी ने परिवहन सुरक्षा को लेकर कड़े दिशा निर्देश दिए उन्होंने अपने संबोधन में कहते हुए जिला विद्यालय निरीक्षक तथा बेसिक शिक्षा अधिकारी को निर्देशित किया कि जिन विद्यालयों में परिवहन सुरक्षा समिति का गठन नहीं हुआ वहां तत्काल यह कार्य सुनिश्चित किया जाए वही परिवहन सुरक्षा को लेकर विद्यालय परिवार अपने वाहनों की फिटनेस सुचारू रूप से व्यवस्थित रखें स्कूल वाहन यदि संचालन करने योग्य नहीं है तो किसी भी दशा में उसे मार्ग पर ना चलाया जाए यदि ऐसे वाहन जिनकी फिटनेस नहीं है और स्कूली बच्चों को ले जाते मिले तो उस पर तत्काल कार्रवाई की जाए जिलाधिकारी ने बताया कि दुर्घटना बाहुल्य क्षेत्र में रम्बल स्टिंप स्पीड ब्रेकर व्हाइट पट्टी लगवाई जाएं वाहन फिटनेस के साथ-साथ वाहन चालकों के ड्राइविंग लाइसेंस इत्यादि भी जांच किए जाएं वही कार्यक्रम के दौरान वाहन चालकों को यातायात के नियमों हेलमेट चार पहिया चालकों को सीट बेल्ट लगाने के लिए जागरूक करने हेतु मौजूदा अधिकारियों को निर्देशित किया गया इस अवसर पर अपर जिला अधिकारी अविनाश त्रिपाठी जिला विद्यालय निरीक्षक ,टीएसआई यातायात ,अशोक तपस्वी प्रदीप गर्ग तथा विद्यालय प्रबंध समिति के सदस्य मौजूद रहे

# प्रशासन के हत्थे चढ़ा आजमपुर गढ़वा पूर्व प्रधान गिरफ्तार

अमन लेखनी समाचार




अमौली, फतेहपुर। जनपद के चांदपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत घपलेबाजी का आरोपी पूर्व प्रधान को प्रशासन ने धर दबोचा थाना क्षेत्र के गांव आजमपुर गढ़वा निवासी पूर्व प्रधान रामबाबू दिवाकर पुत्र राजाराम के ऊपर थाना चांदपुर में पंजीकृत मुकदमे के अनुसार पुलिस अधीक्षक अनूप कुमार सिंह के निर्देशन पर अपराध पर नियंत्रण तथा अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान को लेकर अमौली चौकी प्रभारी दिग्विजय सिंह उप निरीक्षक सत्य प्रकाश यादव तथा आरक्षी अजय यादव ने छापेमारी करते हुए अभियुक्त को गिरफ्तार कर लिया मिली जानकारी के अनुसार अभियुक्त के ऊपर मुकदमा अपराध संख्या 87/2012 धारा 3/7 ईसी एक्ट के तहत कार्रवाई की गई थी इसके सापेक्ष काफी दिनों से फरार चल रहे अभियुक्त को प्रशासन ने गिरफ्तार करते हुए जेल भेजा

# अंजली अरोड़ा के बॉयफ्रेंड को मेरठ में जेल

**कार पर सांसद का फर्जी पास लगाने पर 14 दिन न्यायिक हिरासत में भेजे गए आकाश संसंवाल**

अमन लेखनी समाचार



मेरठ , कच्चा बादाम गाने से फेमस हुई सोशल मीडिया इंफ्लूएंसर, मॉडल अंजली अरोड़ा के बॉयफ्रेंड आकाश संसंवाल को कोर्ट ने जेल भेज दिया है। आकाश को फिलहाल 14 दिन की न्यायिक हिरासत में जेल भेजा गया है। आकाश को मेरठ के परतापुर थाना पुलिस ने कार पर एमपी का फर्जी पास लगाकर घूमने और रौबगालिब करने के मामले में अरेस्ट किया था। आकाश को पुलिस ने परतापुर के काशी टोल प्लाजा से अरेस्ट किया था। इसके बाद सोमवार को आकाश को कोर्ट में पेश किया गया। जहां 1 घंटे तक चली बहस के बाद उसे न्यायिक हिरासत में 14 दिन के लिए जेल भेजा गया है। कार पर लगाया था फर्जी पासअंजली अरोड़ा के बॉयफ्रेंड आकाश संसनवाल को मेरठ पुलिस ने अरेस्ट किया है। आकाश अपनी कार पर पूर्व सांसद का फर्जी पास लगाकर घूम रहा था।काशी टोल प्लाजा पर चेकिंग के दौरान पुलिस ने कार को रोका। जांच में पास फर्जी निकला।इसके बाद रविवार शाम को आकाश को गिरफ्तार किया गया। कोर्ट में पेश करके 14 दिन की न्यायिक हिरासत में जेल भेजा गया है। बताया जा रहा है कि जब आकाश थाने में थे, तो अंजली उसने 2-3 बार मिलने पहुंची थीं।

# एटा में ऑपरेशन रक्षा के तहत बाल अपराधों की रोकथाम को लेकर जागरूकता अभियान

अमन लेखनी समाचार



एटा। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक एटा के निर्देशन में थाना एएचटी (एंटी ह्यूमन ट्रैफिकिंग) द्वारा बाल अपराधों की रोकथाम एवं मानव तस्करी पर प्रभावी नियंत्रण के उद्देश्य से विशेष अभियान ऑपरेशन रक्षा के अंतर्गत व्यापक जन-जागरूकता कार्यक्रम चलाया गया। जानकारी के अनुसार, अपर पुलिस महानिदेशक, महिला एवं बाल सुरक्षा संगठन, उत्तर प्रदेश, लखनऊ के निदेर्शानुसार दिनांक 16 जनवरी 2026 से 15 दिवसीय ह्लऑपरेशन रक्षाह्व अभियान संचालित किया जा रहा है। इसी क्रम में शुक्रवार 24 जनवरी 2026 को वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक एटा के निर्देशन तथा अपर पुलिस अधीक्षक अपराध (नोडल अधिकारी) एटा के निकट पर्यवेक्षण में प्रभारी एसजेपीयू/एएचटी उपनिरीक्षक दलवीर सिंह के नेतृत्व में संयुक्त टीम द्वारा कार्रवाई की गई। संयुक्त टीम में जनपद एटा पुलिस, एनजीओ प्रभारी अमरीश राय, चाइल्ड हेल्पलाइन एटा से महेश कुमार सहित महिला सशक्तिकरण से जुड़े कार्मिक शामिल रहे। अभियान के दौरान स्पा सेंटरों, मसाज पार्लरों, होटलों एवं अन्य संवेदनशील स्थानों पर निरीक्षण करते हुए मानव तस्करी, बाल विवाह, बाल श्रम उन्मूलन, बाल भिक्षावृत्ति तथा भिक्षुक शेल्टर होम से संबंधित अपराधों की रोकथाम को लेकर जन-जागरूकता फैलाई गई। अभियान के अंतर्गत आमजन को ह्लबचपन बचाओ, शिक्षा दिलाओह्व एवं ह्लपढ़ेगा भारत तभी तो आगे बढ़ेगा भारतह्व जैसे संदेशों के माध्यम से जागरूक किया गया। निरीक्षण के दौरान किसी भी प्रकार की अवांछनीय गतिविधि प्रकाश में नहीं आई। साथ ही संबंधित संचालकों को स्पष्ट रूप से अवगत कराया गया कि किसी भी प्रकार की शिकायत प्राप्त होने पर कठोर कानूनी कार्रवाई की जाएगी। पुलिस द्वारा आमजन को आपातकालीन सहायता हेतु शासन एवं प्रशासन द्वारा जारी टोल फ्री हेल्पलाइन नंबर 1098, 108, 112, 1076 एवं 181 के संबंध में भी जानकारी दी गई

# यूजीसी विवाद पर कवियत्री अनामिका जैन अंबर का तंज

**सोशल मीडिया पर पोस्ट कर कविता में की चर्चा, कहा– सवर्ण होना अपराध न बन जाए**

अमन लेखनी समाचार



मेरठ,यूजीसी से जुड़े नए विवाद पर अब सुप्रसिद्ध कवयित्री अनामिका जैन अंबर ने खुलकर आपत्ति जताई है। अनामिका के पति सौरभ जैन भारतीय जनता पार्टी से जुड़े हुए हैं। इसके बावजूद उन्होंने केंद्र सरकार की नीतियों पर सवाल उठाए। अनामिका ने कहा कि किसी भी कानून को बराबरी के सिद्धांत पर आधारित होना चाहिए। न्याय वहीं संभव है जब दोनों पक्षों को समान रूप से सुना जाए, पूर्वाग्रह नहीं बल्कि तर्क और साक्ष्य के आधार पर निर्णय हो।ह्व उन्होंने इसी मुद्दे पर अपनी कविता में तीखा व्यंग्य किया और कहा- ह्लऐसा न हो कि सवर्ण होना अपराध हो जाए... अंधियारों की आंखों में जो भोर के सूरज खटके होंगे, उनके मान-पत्र के शीशे चोटिल होंगे, चटके होंगे

और सीना ताने झूठ किसी के भरी अदालत घूमेंगे, सहमे-सहम सत्य हमारे बस फांसी पर लटके होंगे।" इस बयान के बाद सोशल मीडिया पर यूजीसी का मुद्दा एक बार फिर चर्चा में है और राजनीतिक हलकों में भी इसे लेकर प्रतिक्रियाएं जारी हैं।

# सपा कार्यकर्ताओं ने किया विरोध

**मोदीनगर में एक दिवसीय अनशन, बुद्धि शुद्धि यज्ञ का किया आयोजन**

अमन लेखनी समाचार




गाजियाबाद , गाजियाबाद के मोदीनगर में समाजवादी पार्टी (सपा) ने शंकराचार्य पर कथित अपमान के विरोध में एक दिवसीय अनशन और बुद्धि शुद्धि यज्ञ का आयोजन किया। यह कार्यक्रम सपा के मोदीनगर विधानसभा अध्यक्ष देवव्रत धामा के नेतृत्व में गोविंदपुरी स्थित पार्टी कार्यालय में सुबह 9 बजे से शुरू हुआ। कार्यक्रम के दौरान लगातार मूसलाधार बारिश और तेज हवाओं के बावजूद समाजवादी कार्यकर्ता पूरे दिन डटे रहे। भारी बारिश से टेंट और अन्य व्यवस्थाएं प्रभावित हुईं, लेकिन कार्यकताओं का उत्साह और संकल्प अडिग रहा। उन्होंने प्रतिकूल मौसम में भी अपना विरोध दर्ज कराया। इस अवसर पर सपा कार्यकताओं ने स्पष्ट संदेश दिया कि वह किसी भी कीमत पर अपमान बर्दाश्त नहीं करेंगे। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से विधानसभा महासचिव उत्तम त्यागी, समाजसेवी कुलदीप सैनी, विधानसभा उपाध्यक्ष राजेश जाटव एवं अभिषेक खन्ना, पूर्व जिलाध्यक्ष महिला सभा कमलेश चौधरी, विधानसभा उपाध्यक्ष दीनू खान, विधानसभा अध्यक्ष पिछड़ा वर्ग मनजीत नेहरा, विधानसभा सचिव बादल अली एवं रिजवान खान, विधानसभा अध्यक्ष महिला सभा शायदा बेगम, महताब, मुशाहिद मलिक, महरू नगला, राजबल सिंह और अनिल चपराना सहित बड़ी संख्या में समाजवादी कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# पति ने पत्नी के मुंह में चाकू मारकर हत्या की

**मेरठ में अफेयर का शक करता था, सीने पर बैठकर ताबड़तोड़ वार किए**

अमन लेखनी समाचार




मेरठ, एक पति ने पत्नी की चाकू से गोदकर हत्या कर दी। उसने सबसे पहला वार गर्दन पर किया। इसके बाद दूसरा चाकू मुंह के अंदर मारा। महिला जैसे ही घायल होकर गिरी। युवक उसके ऊपर बैठ गया। महिला के सीने और पेट पर ताबड़तोड़ कई वार कर दिए। महिला की मौत होते ही आरोपी वहां से फरार हो गया। पुलिस के मुताबिक, पति अपनी पत्नी पर अवैध संबंध को लेकर शक करता था। बीते 11 महीने से दोनों के बीच झगड़ा चल रहा था। पत्नी अपने 6 बच्चों के साथ किराए पर कमरा लेकर अलग रहती थी। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। घटना रात साढ़े 8 बजे मेडिकल थानाक्षेत्र की है। अब पूरा मामला विस्तार से पढ़िए... लिसाड़ी गेट के श्याम नगर की रहने वाली समीना की शादी 19 साल पहले गोकुलपुर निवासी वकील के साथ हुई थी। दोनों को 6 बच्चे हैं। सबसे बड़ी लड़की खुशी (16), छोटा लड़का इमरान (14), बेटी फिजा (12), बेटी परी (10), बेटी पप्पो (8) और सबसे छोटी जैनब (5) है। वकील ट्रक चालक है। उसका बीते कुछ समय से पत्नी से लगातार विवाद चल रहा था। वकील समीना पर कई बार अवैध संबंधों का भी आरोप लगा चुका था। बच्चे पालने के लिए अस्पताल में काम करती थी पत्नी पिछले 11 महीने से समीना अपने 6 बच्चों के साथ कमालपुर में किराए के मकान में रह रही थी। परिवार पालने के लिए वह एक अस्पताल में आया का काम कर रही थी। समीना रात करीब साढ़े 8 बजे अस्पताल से घर जाने के लिए निकली थी। वह घर के पास पहुंची ही थी कि तभी वकील ने समीना को रोक लिया। जब उसने वजह पूछी तो चाकू से ताबड़तोड़ वार कर दिए। आरोपी ने सबसे पहले समीना की गर्दन पर वार किया। फिर दूसरा चाकू मुंह के अंदर मारने के बाद लहूलुहान कर दिया। पेट पर ताबड़तोड़ चाकू मारे आरोपी ने इसके बाद समीना के पेट पर ताबड़तोड़ वार किए। समीना की मौके पर ही मौत हो गई। इसके बाद पति वकील मौके से फरार हो गया। पुलिस ने हत्यारोपी की गिरफ्तारी के लिए तीन टीमें लगाई थीं। पुलिस ने वकील को गिरफ्तार कर लिया। राहगीरों से मिली सूचना के बाद पुलिस मौके पर पहुंची थी। इसके बाद शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भिजवाया था। समीना के भाई शमीम ने वकील के खिलाफ हत्या का मुकदमा दर्ज कराया है। इसमें कहा है कि कुछ दिन पहले ही वकील ने समीना की हत्या करने की धमकी दी थी।

# स्मार्ट मीटर लगने से उपभोक्ताओं के बिल पहले से 10 गुना ज्यादा आ रहे- व्यापार मंडल

अमन लेखनी समाचार



ललितपुर जिला उद्योग व्यापार मंडल द्वारा मुख्यमंत्री के नाम संबोधित एक ज्ञापन एवं दूसरा ज्ञापन केंद्रीय परिवहन मंत्री नितिन गडकरी भारत सरकार नई दिल्ली को संबोधित जिलाधिकारी को सोपे ज्ञापन में मांग की गई कि जीएसटी में पंजीकृत सभी व्यापारियों का स्वास्थ्य बीमा कर्मचारियों की भांति कराया जाए एवं दुर्घटना व्यापारी बीमा 10 लख रुपए से बढ़ाकर 25 लाख किया जाए एवं व्यापारियों की दुकानों में आग लगने पर सरकार द्वारा बीमा कराया जाए जिससे व्यापारियों को होने वाली छती की पूर्ति बीमा द्वारा मिल सके स्मार्ट मीटर विरोध के संबंध में मांग है कि स्मार्ट मीटर लगने के बाद उपभोक्ताओं के बिल पहले की अपेक्षा चार से 10 गुना ज्यादा आ रहे हैं और प्रीपेड मीटर मोड में होने के कारण बैलेंस समाप्त होते ही बिजली कनेक्शन तुरंत काट दिया जाता है जिसमें रात में एवं ग्रामीण क्षेत्रों में भारी संकट का सामना करना पड़ रहा है और उपभोक्ताओं की बिना सहमति के स्मार्ट मीटर लगाया जा रहे हैं वह न्याय उचित नहीं है, स्मार्ट मीटर लगने के बाद बिजली बिल कभी-कभी बहुत ज्यादा कभी शून्य बिल आने पर उपभोक्ताओं को बिल ठीक कराने के लिए दफ्तरों के चक्कर लगाने पड़ रहे हैं, मीटर और सरवर के बीच कनेक्टिविटी की कमी से डेटा समय से नहीं मिल रहा है इसलिए उपभोक्ताओं के बिल समय पर नहीं आ रहे हैं और भी कई विसंगतियां स्मार्ट मीटर में पाई गई है इस समस्या से निजात पाने के लिए बिजली मंत्री उत्तर प्रदेश सरकार ऐ के शर्मा को तुरंत निर्देशित करके समस्या का हल करायेइसी क्रम में केंद्रीय परिवहन मंत्री नितिन गडकरी भारत सरकार नई दिल्ली से मांग की गई वर्तमान में जिला ललितपुर में टेंपो टैक्सी एवं वाहनों की फिटनेस ललितपुर में होती थी वह ललितपुर से आरटीओ अधिकारी द्वारा 5 जनवरी से बंद कर दी गई है और फिटनेस के लिए 150 किलोमीटर दूर अंबा झांसी में फिटनेस कराने के लिए जाना पड़ता है जो की वाहन स्वामियों के लिए बहुत अधिक समस्या बन गई है समय एवं पैसे की बबार्दी भी हो रही है इसलिए आपसे अनुरोध है जिला ललितपुर में ही फिटनेस करने की कृपा करेंज्ञापन देने में मुख्य रूप से प्रदेश उपाध्यक्ष पंडित मनीष सडैया, जिला अध्यक्ष सुरेश बडेरा, जिला वरिष्ठ महामंत्री प्रदीप सतरवांस, जिला महामंत्री शैलेंद्र सिंघई, प्रदेश उपाध्यक्ष गल्ला मंडी अध्यक्ष जयकुमार महोली, प्रदेश उपाध्यक्ष उद्योग मंच कमलेश सराफ, जिला उपाध्यक्ष रविंद्र दिवाकर , सुरेंद्र लारिया , डॉ संजीव कड़की मोहम्मद इकराम ,जिला विधि सलाहकार एडवोकेट नीरज मोदी , रमेश सराफ , संजीव सोनी, प्रकाश जैन , शिव पूजन चौरसिया, अशोक सोनी, कमलेश कुमार, जगदीश कुशवाहा, अवधेश नायक, अजय मोदी , अरविंद गुप्ता, चिंटू शिवाजी, योगेंद्र यादव, केशव साहू, आदि उपस्थित थे

# एसडीपीएस इंटरनेशनल स्कूल में 77वां गणतंत्र दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया

अमन लेखनी समाचार



ललितपुर- एसडीपीएस इंटरनेशनल स्कूल में भारत के 77वें गणतंत्र दिवस का भव्य आयोजन देशभक्ति, अनुशासन और सांस्कृतिक गरिमा के साथ किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि चेयरमैन कमलेश चौधरी रहे। इस अवसर पर निदेशक विकास चौधरी एवं निदेशक गौरव चौधरी उपस्थिति रहे। विद्यालय परिसर तिरंगे की रंगत, देशभक्ति गीतों और विद्यार्थियों के उत्साह से गूंज उठा। कार्यक्रम की शुरूआत ध्वजारोहण से हुई। राष्ट्रगान के पश्चात विद्यार्थियों ने देशभक्ति पर आधारित सांस्कृतिक प्रस्तुतियाँदेशभक्ति नृत्य, समूह गान, भाषण एवं झांकियाँप्रस्तुत कर दर्शकों का मन मोह लिया। प्रस्तुतियों में संविधान के मूल्यों, स्वतंत्रता संग्राम के आदर्शों और समकालीन भारत की प्रगति को प्रभावशाली ढंग से दशार्या गया। मुख्य अतिथि चेयरमैन कमलेश चौधरी ने अपने उद्बोधन में कहा कि गणतंत्र दिवस हमें हमारे संविधान, अधिकारों और कर्तव्यों की याद दिलाता है। सच्चा राष्ट्रनिर्माण तभी संभव है जब युवा पीढ़ी सत्य, अनुशासन, समानता और न्याय के मार्ग पर चलकर समाज में सकारात्मक परिवर्तन लाए। उन्होंने विद्यार्थियों को नैतिक मूल्यों के साथ शिक्षा ग्रहण करने और राष्ट्रहित को सर्वोपरि रखने का संदेश दिया। निदेशक विकास चौधरी ने अपने विचार रखते हुए कहा कि आज का विद्यार्थी ही कल का भारत है। शिक्षा का उद्देश्य केवल ज्ञान देना नहीं, बल्कि जिम्मेदार, संवेदनशील और नवाचारी नागरिक तैयार करना है। उन्होंने विद्यालय द्वारा अपनाई जा रही मूल्य-आधारित शिक्षा और समग्र विकास की पहल पर प्रकाश डाला। समारोह के अंत में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया।


स्पेशल
वर्ल्ड कैंसर डे
4 फरवरी

डॉक्टर्स एडवाइस

विवेक शुक्ला

विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुसार, कैंसर दुनिया भर में होने वाली मौतों का हृदय रोगों के बाद दूसरा सबसे बड़ा कारण है। इंडियन काउंसिल ऑफ मेडिकल रिसर्च और नेशनल सेंटर फॉर डिजीज इंफॉर्मेटिक्स एंड रिसर्च, बेंगलुरु के अनुसार 13.9 लाख व्यक्ति सन 2020 में भारत में कैंसर से ग्रस्त थे और दुनिया भर में 7.5% कैंसर मरीज भारतीय हैं। ऐसे आंकड़े कैंसर को लेकर हमारी चिंता बढ़ाते हैं। लेकिन सुखद है कि नए रिसर्च के अनुसार इसे कंट्रोल करना और समय रहते पता चलने पर ट्रीटमेंट संभव है। कैंसर से जुड़ी बहुत यूजफुल इंफॉर्मेशंस यहां दे रहे हैं।

# अवेयरनेस-प्रिकॉशन से संभव है कैंसर से बचाव



अमेरिकन सोसायटी ऑफ क्लिनिकल ऑन्कोलॉजी के अनुसार, वे दिन अब बीत चुके हैं, जब कैंसर को मृत्यु की पूर्व-चेतावनी माना जाता था। ऐसा इसलिए है क्योंकि पिछले दो दशकों में कैंसर की जांच और उपचार के क्षेत्र में अभूतपूर्व प्रगति हुई है, जिसके कारण इससे छुटकारा पाने और पुनः स्वस्थ होने की संभावनाएं पहले की तुलना में काफी बढ़ गई हैं।

इसके बावजूद भारत के संदर्भ में आज भी विभिन्न प्रकार के कैंसर के तीसरे और चौथे चरण में पहुंचे अधिकांश मरीज असमय मृत्यु का शिकार हो रहे हैं। साथ ही, देश के ग्रामीण और दूरदराज क्षेत्रों में कैंसर से जुड़े अनेक मामले आज भी रिपोर्ट नहीं हो पाते। स्पष्ट है कि यह एक गंभीर समस्या है।

## कैंसर क्यों होता है

अमेरिकन कैंसर सोसायटी के अनुसार, कैंसर सामान्यतः कोशिकाओं के डीएनए में होने वाले म्यूटेशन के कारण होता है। डीएनए में मौजूद जीन कोशिकाओं को यह निर्देश देते हैं कि उन्हें कैसे बढ़ना है, कितनी बार विभाजित होना है और किस प्रकार कार्य करना है। जब डीएनए में कोई गड़बड़ी उत्पन्न हो जाती है, तो कोशिकाएं अनियंत्रित रूप से बढ़ने लगती हैं, जो आगे चलकर कैंसर का कारण बनती हैं।

## लक्षणों पर दें ध्यान

जिस अंग में कैंसर होता है, उससे संबंधित लक्षण प्रकट होते हैं। उदाहरण के लिए, फेफड़ों के कैंसर में सांस लेने में तकलीफ होती है, जबकि यकृत (लिवर) कैंसर में भूख न लगना और पाचन संबंधी समस्याएं होती हैं। हालांकि कुछ सामान्य लक्षण भी हो सकते हैं-

किसी घाव या जख्म का लंबे समय तक न भरना। बिना कारण वजन घटना (6 महीनों में 10% से अधिक)। त्वचा के भीतर गांठ महसूस होना, जो तेजी से बढ़ रही हो (ध्यान रखें, हर गांठ कैंसर नहीं होती है)। शरीर के किसी हिस्से में लगातार सूजन होना। खून की कमी (एनीमिया)। बार-बार बुखार आना। मल या मूत्र में रक्त आना। लंबे समय तक थकान या अस्वस्थता महसूस होना। मस्सों या तिलों के रंग, आकार या बनावट में बदलाव। भूख में लगातार कमी होना। इन लक्षणों के दिखने पर तुरंत डॉक्टर से परामर्श लें।

## कैंसर के कारण

लगभग 10% कैंसर आनुवंशिक होते हैं, जबकि शेष 90% कैंसर अस्वास्थ्यकर जीवनशैली के कारण उत्पन्न होते हैं, जो जीन में म्यूटेशन का कारण बनती है। रिस्क फैक्टर्स में शामिल हैं- जंक फूड का सेवन अधिक करना। लंबे समय तक जंक और पैकेज्ड फूड का सेवन पेट व बड़ी आंत (कोलन) के कैंसर का खतरा बढ़ाता है, क्योंकि इनमें पोषक तत्व कम और वसा, नमक व तेल अधिक होते हैं। धूम्रपान से फेफड़ों में हानिकारक रसायन पहुंचते हैं, जो जीन में विकृति पैदा करते हैं। फेफड़ों के कैंसर का यह प्रमुख कारण है। किसी भी रूप में तंबाकू का सेवन मुंह, जीभ, गाल और गले के कैंसर का खतरा बढ़ाता है। नियमित व्यायाम न करने से मोटापा बढ़ता है, जो स्तन, गर्भाशय और बड़ी आंत के कैंसर का कारण बन सकता है। बढ़ता वायु प्रदूषण, खासकर वाहनों से निकलने वाला धुआं, फेफड़ों के कैंसर का खतरा बढ़ाता है। अधिक और नियमित शराब सेवन कोशिकाओं की जेनेटिक संरचना को नुकसान पहुंचाता है और कैंसर के जोखिम को बढ़ाता है। ऐसे में स्वस्थ जीवनशैली अपनाकर और नशे की आदतें छोड़कर कैंसर से काफी हद तक बचाव संभव है।

## उपचार के तरीके

पिछले कुछ वर्षों में कैंसर उपचार में उल्लेखनीय प्रगति हुई है। पहले जहां चौथे चरण के कैंसर में औसत जीवन अवधि लगभग 6 महीने थी, वहीं अब यह 4–5 वर्ष या उससे अधिक हो सकती है। यदि कैंसर का पता पहले या दूसरे चरण में चल जाए, तो अधिकांश मामलों में पूर्ण उपचार संभव है। कई उपचार पद्धतियां कारगर हो सकती हैं। पहले की तुलना में कीमोथेरेपी में साइड इफेक्ट्स कम होते हैं। ह्यूमन जीनोम प्रोफाइलिंग और टारगेटेड थेरेपी और इम्यूनोथेरेपी, जो शरीर की रोग प्रतिरोधक क्षमता को सक्रिय करता है, भी कारगर हैं।



## महिलाओं में होने वाले प्रमुख कैंसर

भारत में महिलाओं में सबसे अधिक पाए जाने वाले कैंसरों में स्तन कैंसर, गर्भाशय ग्रीवा (सर्वाइकल) कैंसर, अंडाशय (ओवेरियन) कैंसर तथा गर्भाशय का कैंसर प्रमुख हैं। समय पर जांच और जागरूकता से इन कैंसरों की पहचान शुरुआती अवस्था में संभव है।

**स्तन कैंसर:** स्तन कैंसर के संभावित कारणों में देर से रजोनिवृत्ति (मेनोपॉज) होना, लंबे समय तक हार्मोनल गर्भनिरोधक गोलियों का सेवन कुछ मामलों में जोखिम बढ़ा सकता है, हार्मोनल असंतुलन, शारीरिक गतिविधि की कमी, मोटापा तथा कम अवधि तक स्तनपान कराना, बीआरसीए-1, बीआरसीए-2 तथा पी-53 जैसे जीन में उत्परिवर्तन (म्यूटेशन), शामिल हैं।

**प्रमुख लक्षण:** स्तन या बगल के पास कठोर गांठ, जो प्रायः दर्द रहित होती है। स्तन की त्वचा में लालिमा, मोटापन या सिकुड़न। निप्पल से तरल का स्राव, जिसमें कभी-कभी खून भी हो सकता है। निप्पल का अंदर की ओर धंसना या उसमें जलन। स्तन के आकार या बनावट में बदलाव

**रोकथाम:** चिकित्सक से परामर्श लेकर नियमित रूप से स्तन की स्व-परीक्षा करना, आवश्यकतानुसार मैमोग्राफी कराना, स्वस्थ जीवनशैली अपनाना और वजन नियंत्रित रखना, नियमित व्यायाम एवं प्राणायाम करना, अधिक समय तक स्तनपान कराने से स्तन कैंसर का जोखिम कम होता है।

**उपचार:** जांचों के बाद रोग की अवस्था के अनुसार कैंसर विशेषज्ञ सर्जरी, रेडिएशन थेरेपी, कीमोथेरेपी, हार्मोनल थेरेपी, टार्गेटेड थेरेपी अथवा इम्यूनोथेरेपी में से उपयुक्त उपचार का चयन करते हैं।

**सर्वाइकल कैंसर:** गर्भाशय के निचले हिस्से को गर्भाशय ग्रीवा कहा जाता है। इसी भाग से उत्पन्न होने वाले कैंसर को सर्वाइकल कैंसर कहा जाता है।

**कारण:** सर्वाइकल कैंसर का मुख्य कारण ह्यूमन पैपिलोमा वायरस (एचपीवी) का लंबे समय तक शरीर में बना रहना है, जो यौन संपर्क के माध्यम से फैलता है।

**लक्षण:** माहवारी के बीच या बाद में असामान्य रक्तस्राव, शारीरिक संबंध के बाद रक्तस्राव या दर्द, रजोनिवृत्ति के बाद रक्तस्राव, पेशाब करते समय दर्द या जलन।

**उपचार:** प्रारंभिक अवस्था में सर्जरी या रेडिएशन थेरेपी की जाती है। उन्नत अवस्था में कीमोथेरेपी के साथ रेडिएशन थेरेपी दी जाती है।



**रोकथाम:** एचपीवी संक्रमण से बचाव के लिए टीके उपलब्ध हैं। कैंसर-पूर्व परिवर्तनों की पहचान हेतु पैप स्मीयर एवं एचपीवी टेस्ट किए जाते हैं। नियमित जांच से सर्वाइकल कैंसर का समय रहते पता लगाया जा सकता है।

**ओवेरियन कैंसर:** ओवेरियन कैंसर अंडाशय में होता है, जिसमें असामान्य गांठ या ट्यूमर विकसित हो सकता है, जो कई बार सिस्ट के रूप में दिखाई देता है।

**लक्षण:** पेट में सूजन या लगातार दर्द। भूख न लगना या जल्दी पेट भर जाना। पेट के निचले हिस्से में भारीपन। बार-बार पेशाब की इच्छा। कब्ज या पाचन संबंधी परेशानी।

**संभावित कारण:** कम उम्र में माहवारी का शुरू होना। देर से रजोनिवृत्ति होना, मोटापा, लगभग 10% मामलों में आनुवांशिक कारण, बीआरसीए-1 और बीआरसीए-2 जीन में उत्परिवर्तन होने पर जीवनकाल में ओवेरियन कैंसर का खतरा 40–50% तक बढ़ सकता है।

**बचाव:** जिन महिलाओं के परिवार में स्तन, ओवेरियन, कोलोन या पैंक्रियाज कैंसर का इतिहास हो, उन्हें विशेषज्ञ से परामर्श लेकर नियमित जांच करानी चाहिए। नियमित व्यायाम एवं वजन नियंत्रण से जोखिम कुछ हद तक कम किया जा सकता है।

**उपचार:** रोग की अवस्था के अनुसार सर्जरी, कीमोथेरेपी, हार्मोन थेरेपी, टार्गेटेड थेरेपी, इम्यूनोथेरेपी तथा कुछ मामलों में रेडियोथेरेपी का उपयोग किया जाता है।

**फेफड़ों का कैंसर:** विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुसार, विभिन्न प्रकार के कैंसर से होने वाली कुल मौतों में फेफड़ों का कैंसर सबसे प्रमुख कारण है।

**कारण:** फेफड़ों के कैंसर का सबसे मुख्य कारण धूम्रपान और तंबाकू का सेवन है। इसके अतिरिक्त, जो लोग धूम्रपान करने वालों के संपर्क में रहते हैं, उन्हें भी कैंसर होने का खतरा रहता है। ऐसे व्यक्तियों को पैसिव स्मोकर कहा जाता है। इसके अलावा, लंबे समय तक प्रदूषित वातावरण, धुआं, धूल और वायु प्रदूषण के संपर्क में रहना भी फेफड़ों के कैंसर का कारण बन सकता है।

**लक्षण:** सांस लेने में तकलीफ, बार-बार खांसी आना, सीने में घरघराहट, सीने में दर्द, खांसी या थूक में खून आना।

**जांच:** छाती का एक्स-रे, सीटी स्कैन/ पैट-सीटी स्कैन, एमआरआई, रक्त एवं मूत्र परीक्षण, बायोप्सी, ब्रोंकोस्कोपी।

**उपचार:** फेफड़ों के कैंसर के उपचार के प्रमुख तरीके निम्नलिखित हैं। प्रारंभिक अवस्था में कैंसर का इलाज सर्जरी द्वारा संभव है। रेडिएशन थेरेपी में फोटॉन थेरेपी एवं प्रोटॉन थेरेपी शामिल हैं। उच्च ऊर्जा विकिरण द्वारा कैंसर कोशिकाओं को नष्ट किया जाता है। एक्सटर्नल बीम रेडिएशन थेरेपी से अच्छे परिणाम सामने आ रहे हैं। जब कैंसर फेफड़ों से अन्य अंगों में फैल चुका हो, तब कीमोथेरेपी, इम्यूनोथेरेपी एवं टार्गेटेड थेरेपी की आवश्यकता होती है।

**बचाव के उपाय:** प्रतिरक्षा प्रणाली को मजबूत करने वाला संतुलित आहार लें। हरी सब्जियाँ, मौसमी फल और साबुत अनाज का सेवन करें। जंक फूड से बचें। धूम्रपान न करें। प्रदूषित वातावरण में मास्क का उपयोग करें।

**मुंह-गले का कैंसर:** मुंह और गले का कैंसर विश्व में होने वाले कैंसरों में छठे स्थान पर आता है। यह कैंसर मुंह से लेकर गले तक के किसी भी हिस्से में हो सकता है।

**लक्षण:** मुंह में घाव जो लंबे समय तक ठीक न हो, भोजन या पानी निगलने में कठिनाई, खाने में दर्द, दांतों का जीभ में लगना, आवाज में बदलाव, मुंह कम खुलना, जीभ बाहर निकालने में परेशानी, गले में दर्द या गांठ महसूस होना।

**कारण:** तंबाकू, बीड़ी, सिगरेट और अत्यधिक शराब का सेवन इस कैंसर के मुख्य कारण हैं। पान, गुटखा और सुपारी के सेवन से मुंह में बार-बार छाले होना कैंसर के खतरे को बढ़ा देता है।

**उपचार:** यदि मुंह एवं गले के कैंसर का प्रारंभिक अवस्था में निदान हो जाए, तो बायोप्सी के बाद सर्जरी द्वारा इलाज संभव है। दूसरी या तीसरी अवस्था में कीमोथेरेपी और रेडिएशन थेरेपी दी जाती है। आधुनिक तकनीकों जैसे रोबोटिक सर्जरी, इम्यूनोथेरेपी और टार्गेटेड थेरेपी ने उपचार को अधिक सटीक और सफल बनाया है। *

**(डॉ. राजेश मिस्त्री, सीनियर डायरेक्टर (ग्रुप)-ऑन्कोलॉजी, कोकिलाबेन अंबानी हॉस्पिटल, मुंबई और डॉ. सभ्यता गुप्ता, चेयरपर्सन-डिपार्टमेंट ऑफ गायनेकोलॉजी, गायनी ऑन्कोलॉजी एंड रोबोटिक सर्जरी, मेदांता दि मेडिसिटी, गुरुग्राम से बातचीत पर आधारित)**

---

सजेशन

डॉ. माजिद अलीम

# इन दिनों अगर बढ़ जाए गैस-एसिडिटी की समस्या

सर्दी के दिनों में ठंड लगने से, खाने के न पचने से पेट में गैस की समस्या बढ़ जाती है। इससे पेट में मरोड़ उठती है, कई बार दर्द असहनीय हो जाता है। वैसे कई लोगों के लिए तो यह हर मौसम की समस्या होती है। लेकिन सर्दी के दिनों में यह कुछ ज्यादा ही बढ़ जाती है, जिसकी वजह है बार-बार चाय-कॉफी पीना, पकौड़े खाना, टमाटर सूप में बटर डालकर पीना आदि। इन तमाम वजहों के अलावा लाइफस्टाइल से जुड़ी आदतों के कारण भी एसिडिटी और गैस की समस्या होती है। इससे बचने के लिए ये उपाय आजमा सकते हैं।

**लिक्विड:** सर्दी हो या गर्मी पर्याप्त मात्रा में पानी पीना चाहिए क्योंकि पानी ही हमारी पाचनक्रिया को दुरुस्त रखता है। पानी हमें कब्ज से बचाता है और भोजन को वेस्ट में बदलता है। लेकिन भोजन के साथ पानी न पिएं। भोजन से 10 मिनट पहले और आधे घंटे बाद पानी पीना चाहिए। जिससे पेट में गैस नहीं बनती। पानी के अलावा प्रतिदिन ताजा जूस पिएं। पेट में गैस बनने की स्थिति में नीबू पानी पीना भी फायदेमंद होता है। कैफीनयुक्त ड्रिंक्स जैसे कोल्ड ड्रिंक, चाय, कॉफी ये सभी हमारी पाचनक्रिया पर बुरा असर डालते हैं और इनकी वजह से अपच की समस्या में इजाफा होता है। इन ड्रिंक्स की बजाय हर्बल टी, दूध या सादा पानी अपच की समस्या से काफी राहत दिलाता है।



**फाइबर्स:** रेशेदार भोज्य पदार्थ हमारी पाचनक्रिया को दुरुस्त करते हैं। मैदे की बजाय गेहूं की ब्रेड, ब्राउन राइस, ज्वार, बाजारा, मक्का, जौ, बींस, फल और सब्जियों को अपने नियमित आहार में शामिल करें।

**प्रो-बायोटिक्स:** प्रो-बायोटिक्स ऐसे प्राकृतिक बैक्टीरिया हैं जो हमारे शरीर में मौजूद होते हैं। आजकल बाजार में प्रो-बायोटिक्स दूध, ड्रिंक्स, दही और आइसक्रीम मिलती है, जिनके सेवन से अपच की समस्या को दूर किया जा सकता है।

**वसा:** पिज्जा, बर्गर के बजाय लो फैट फूड्स खाने से अपच से होने वाले दर्द से तो बच सकते हैं, साथ ही वजन बढ़ने की समस्या से भी निजात पा सकते हैं।

**मसाले:** ज्यादा मसालेयुक्त खाने से भी सीने में जलन और पेट में गैस होती है। अपच की समस्या होने पर इन्हें खाने से परहेज रखें।

**जीवनशैली:** इन दिनों वही भोजन करें, जो आसानी से पच जाए। अपने मेटाबॉलिज्म, आयु, वजन और काम की शैली के अनुरूप भोजन करना चाहिए ताकि आप फिट रह सकें। नियमित व्यायाम करें। *

---



डॉक्टर्स सजेशन

डॉ. आर. पी. सिंह सीनियर फिजिशियन, एनसीआर

# जब सुबह के समय जोड़ों में हो दर्द



**मेरी उम्र 38 वर्ष है। सुबह सोकर उठने और देर तक बैठने के बाद उठने पर घुटनों और शरीर के अन्य जोड़ों में जकड़न महसूस होती है। कृपया बताएं मुझे क्या करना चाहिए?**

**-अंकुर, रायपुर**

इस तरह की समस्या आपको सर्दियों में होती है या गर्मियों में भी, क्योंकि सर्दी के मौसम में हड्डियों संबंधी समस्या काफी देखी जाती है। आपको नियमित रूप में सुबह-शाम एक्सरसाइज शुरू कर देनी चाहिए। साथ ही एक बार आप कैल्शियम और विटामिन डी की जांच करवा लें और अगर कमी हो तो डॉक्टर से संपर्क कर इसकी दवा शुरू कर सकते हैं। पर आपको एक्सरसाइज जरूर करनी चाहिए।

**मेरी उम्र 29 वर्ष है। कुछ समय से मुझे जबड़े में अकड़न लगती है और यह पूरी तरह खुलता भी नहीं है। मैं कई वर्षों से स्मोकिंग करता हूं। कृपया बताएं, ये लक्षण किसी गंभीर बीमारी के संकेत तो नहीं हैं?**

**-कल्पेश, बिलासपुर**

आप स्वयं बता रहे हैं कि लंबे समय से स्मोकिंग कर रहे हैं, लेकिन आपने यह नहीं बताया क्या आप गुटखा भी खातें हैं? क्योंकि समान्य तौर पर स्मोकिंग का सीधा असर जबड़े पर नहीं पड़ता। लेकिन इसके लिए आपको एक बार डॉक्टर से जरूर संपर्क कर लेना चाहिए, क्योंकि जबड़ा ना खुलने का कारण पता लगने पर उसका ट्रीटमेंट शुरू हो सकेगा।

**मेरी उम्र 60 वर्ष है। मुझे भूख बहुत कम लगती है। कुछ भी खाने के बाद खट्टी डकारें आने लगती हैं। कभी-कभी पेट में दर्द भी होने लगता है। ऐसे में मुझे क्या करना चाहिए, कृपया समाधान बताएं।**

**-अमरेंद्र, महेंद्रगढ़**

आपकी समस्या सुनकर ऐसा लगता है कि आपका डाइजेस्टिव सिस्टम गड़बड़ है। यानी, खाना ठीक से पच नहीं रहा है। इस वजह से खट्टी डकार आती है, आप अपनी लाइफस्टाइल और खान-पान, पहले चेंज करिए। खाने में फाइबर जरूर शामिल करें। दोपहर में दही सलाद लें। और एक फल नियमित रूप से खाएं। रात में ज्यादा भारी खाना नहीं खाएं, हल्का खाना खाए और कोशिश करें कि सोने से 3 घंटे पहले डिनर कर ले। इस तरह चेंज करने से आपको आराम मिलेगा। साथ ही बाजार का तला भुना, ऑयली खाना फिलहाल बंद कर दें।

**मेरी उम्र 44 वर्ष है। मुझे सर्वाइकल की समस्या है। अकसर चक्कर आता है, कभी-कभी सिर दर्द भी होता है। कृपया बताइए, मुझे क्या करना चाहिए?**

**-शुभम, महासमुंद**

सर्वाइकल की समस्या का स्थाई इलाज नियमित एक्सरसाइज है। इसके लिए आपको फिजियोथेरेपिस्ट से संपर्क कर सर्वाइकल की एक्सरसाइज सीख लेना चाहिए। अगर बहुत ज्यादा दर्द हो रहा है तो डॉक्टर से संपर्क कर पेनकिलर ले सकते हैं, लेकिन इससे फौरी तौर पर आराम मिलेगा। अगर आपका लंबी सिटिंग वाला काम है तो आपको काम के दौरान बीच-बीच में थोड़ी बहुत सर्वाइकल एक्सरसाइज करते रहना चाहिए।

**मेरी उम्र 41 वर्ष है। कुछ दिनों से मुझे किसी भी खाने में स्वाद महसूस नहीं हो रहा है। इसीलिए डाइट बहुत कम हो गई है। इसकी क्या वजह हो सकती है और मुझे क्या करना चाहिए?**

**-संजय, कोरबा**

आपको एक बार डॉक्टर से संपर्क कर अपनी जांच करा लेनी चाहिए, कई बार हल्का फीवर होता है जो महसूस नहीं होता, पर उसके लक्षण दिखते हैं। जैसा आप बता रहे हैं कि खाने का स्वाद नहीं आ रहा है, इसलिए आप किसी जनरल फिजिशियन से संपर्क कर जांच कराएं और जरूरत होने पर ट्रीटमेंट शुरू कराएं। *

**प्रस्तुति: रिचा पांडे**

---

# पर्यटन के बूट

पर्यटन के रास्ते आ रहा फूहड़पन और हिमाचल की तस्वीर में बहती गंदगी को नजरअंदाज नहीं किया जा सकता है। अक्सर सोशल मीडिया के खंडहर स्थापित हो जाते हैं। हिमाचल में ऐसा बहुत कुछ है जो आह्लादित और रोमांचित करता है। यहां हर मौसम दिल तक के रंग बदलता है। मसलन बर्फ के सान्निध्य में पर्यटन का उफान आजकल जिस कद्र छाया है, उसके साथ खुली छूट नहीं दी जा सकती। बर्फ का कचूमर निकालना पर्यटन नहीं और न ही वाहनों से खेलना पहाड़ की सोहबत है। वे दृश्य भयानक हैं जब रिज पर गिरी बर्फ से नहाते पर्यटक अगर अपनी आस्तीन खोल दें या निर्वस्त्र होकर कोई महिला मनाली की फिझा बिगाड़ दे। इस शोरगुल में बर्फ भी बहरी हो गई, प्रकृति गाती रही हम भी सुन न सके। प्रकृति की छूअन का हल्का सा आमंत्रण आंखों में बहारों सा शगुन है, लेकिन पर्यटन के अति दोहन ने हमसे हमारी मौलिकता छीन ली है। हिमाचल को मौसमी पर्यटन की महफिल जरूर मिलती है, लेकिन यह चार दिन की चांदनी बनकर प्रदेश के ओज को बौना कर देती है। ऐसे पर्यटन के आगे जो देखा जा सकता है, उसे कैसे बचाएं-दिखाएं। यह नागरिक जवाबदेही भी है कि पर्यटन को प्रकृति की रचना में संजोएं। तारीफ करनी होगी लाहौल-स्पीति के सिस्सू-कोकसर इलाके के लोगों की, जिन्होंने अपने हलडा उत्सव की मयार्दा को कायम रखते हुए 40 दिनों तक पर्यटन गतिविधियों पर पूर्ण रोक लगा दी है। यह इसलिए भी कि अटल टनल ने पर्यटन को दरिया बना दिया है और अगर सिस्सू के नागरिक, आमंत्रण और परंपरा के बीच पहाड़ के मर्म की रक्षा न करते तो सैलानियों के बूट किसी भी स्तर तक पहुंच कर कुछ भी रौंद देते। यही सब इस बर्फबारी के मंजर में तबाह भी हुआ है। आखिर बर्फ केवल पर्यटन के लिए ही तो नहीं आती। वह पहाड़ को पहाड़ की दरियादिली में दिखाने के लिए आती है। वह कृषि, फलोत्पादन व नदियों के प्रवाह में आत्मविश्वास लेकर आती है। इसलिए बर्फ के हर गिरे हुए फाहे पर पर्यटन का हक नहीं हो सकता। इसी तरह प्राकृतिक हलचल या प्राकृतिक छटा के हर मजमून से सोशल मीडिया को आबाद करना भी गुनाह है। कोई महिला बाहर से आकर मनाली के सार्वजनिक शिष्टाचार भूल कर नग्नावस्था में अश्लील डांस करे, तो इससे भयानक पर्यटन आकर्षित होगा।

अभी भी अंतरराष्ट्रीय हलकों में मलाणा क्रीम का जिक्र मात्र हिमाचल को नशे की मंडी बना देता है। धीरे-धीरे हिमाचल के ही कुछ इलाके गोपनीय पार्टियों के इश्तिहार में बदनाम हो चुके हैं। आखिर 70 लाख की आबादी वाले पहाड़ी, परंपरावादी, कबायली व खास मूल्यों से प्रेरित हिमाचल को कितना और किस तरह के पर्यटन की जरूरत है। हमें पर्यटक परिवार चाहिए, कारपोरेट जगत की युवा पीढ़ी चाहिए, हुल्लड़बाज युवा चाहिए या रील बनाने की उद्दंडता से सराबोर सैलानी चाहिएं। हमारी पर्यटन की मुहिम न पर्यटन सीजन और न ही बर्फबारी या शीतकालीन सफर तक मुकम्मल होती है। जो डलहौजी की बर्फ को रौंद रहे हैं, उन्हें कौन बताएगा चंबा के हजार साल की धरोहर। शिमला में बर्फबारी से इतर ब्रिटिश पीरियड की यादों के झरोखे कौन खोलेगा। कौन कांगड़ा के पर्यटक सीजन को मसरूर, कांगड़ा फोर्ट या सुजानपुर के ऐतिहासिक मैदान तक ले जाएगा। वर्तमान सरकार अगर कांगड़ा को पर्यटन की कैपिटल बना रही है, तो सर्वप्रथम पर्यटकों की राजधानी बनाने के लिए हमें राजस्थान, कर्नाटक, महाराष्ट्र, केरल, ओडीसा, गुजरात व पश्चिमी बंगाल राज्यों की तर्ज पर ऐसे कई सर्किट बनाने होंगे, जो साल के हर दिन को पर्यटकों के आकर्षण के शिष्टाचार से जोड़ सकें।

## हम भारत के लोग

भारत का 77वां गणतंत्र दिवस बीत गया। एक राष्ट्रीय पर्व, राष्ट्रीय समारोह और राष्ट्रीय स्वाभिमान का दिवस भी बीत गया। आप सभी ने राजधानी दिल्ली के कत्तव्य पथ पर, परेड के जरिए, भारत की सामरिक, सांस्कृतिक, कलात्मक, आध्यात्मिक और क्षेत्रीय संप्रभुता का प्रदर्शन टीवी पर देखा होगा। कितना विविध, विराट और एकजुट, अखंड है भारत! यह व्यावहारिक तौर पर संविधान दिवस भी था, क्योंकि 26 जनवरी, 1950 को हमारा संविधान लागू हुआ था। यह तारीख भी ऐतिहासिक है, क्योंकि 26 जनवरी, 1930 को हमारे क्रांतिकारी, स्वतंत्रता सेनानी पुरखों और तत्कालीन कांग्रेस ने पूर्ण स्वराज्य की घोषणा की थी। गोरी, अंग्रेज हुकूमत को चेतावनी दी गई थी कि भारत को अब स्वतंत्रता चाहिए। हमारा संविधान 1,46,385 शब्दों का सबसे विस्तृत और लिखित दस्तावेज है, लिहाजा अभूतपूर्व और अनूठा है। संविधान देश के नागरिक को समान अधिकार देता है। हम भारत के लोग.. में अंबानी, अदाणी, टाटा घराने भी हैं और एक अदना, अनाम गरीब, आम आदमी भी इसमें समाविष्ट है। संविधान न तो खंडित किया जा सकता है और न ही उसकी अवहेलना, अनदेखी की जा सकती है। ऐसा करना संज्ञेय, दंडनीय अपराध है। संविधान ही राष्ट्र है। संविधान की व्याख्या, अपवाद के तौर पर, अलग प्रकार से की जा सकती है, लेकिन संविधान की मूल आत्मा और भावना एक ही है-हम भारत के लोगङ्कसंप्रभु, लोकतांत्रिक, पंथनिरपेक्ष, समाजवादी भारत के लोगङ्क। कमोबेश ऐसे राष्ट्रीय पर्व के दिन तो ढोंग, विरोध, धर्मांधता से बचा जा सकता था। संविधान की छद्म प्रति लहरा कर देश को गुमराह करने की कोशिशें, अंततः, बंजर ही साबित हुई हैं। दो युवकों ने ताजमहल में घुस कर तिरंगा लहराया। यह राष्ट्रीय ध्वज और राष्ट्र का अपमान है। ताजमहल पूरी तरह भारत का विश्वविख्यात आश्चर्य है।